www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष :09 | अंक :25 | मुंबई , बुधवार ,16 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg


सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live



2 जरूरी सवालों की अनदेखी करती रिपोर्ट, पूरा दोष पायलटों पर मढ़ने का प्रयास

बाबा सिद्धनाथ की दरी तक पहुंचना मुश्किल 04


## संक्षिप्त समाचार

### छात्र के आत्मदाह के विरोध में विपक्ष एकजुट, ओडिशा बंद का किया आह्वान

कांग्रेस सहित कम से कम आठ राजनीतिक दलों ने ओडिशा के एक छात्र की आत्मदाह के कारण हुई मौत पर ओडिशा बंद का आह्वान किया है। यह घटनाक्रम कांग्रेस और बीजू जनता दल (बीजद) कार्यकर्ताओं द्वारा भुवनेश्वर में एम्स के बाहर विरोध प्रदर्शन के कुछ घंटों बाद हुआ, जहां छात्रा का शनिवार, 12 जुलाई से इलाज चल रहा था। बालासोर के फकीर मोहन स्वायत्त महाविद्यालय की 20 वर्षीय छात्रा ने पिछले हफ़्ते खुद को आग लगा ली थी। छात्रा का आरोप था कि उसके कॉलेज के एक प्रोफेसर द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।95 प्रतिशत तक जलने के कुछ दिनों बाद, सोमवार देर रात छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। भुवनेश्वर स्थित एम्स के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए, पार्टियों ने राज्य सरकार पर मामले को छुपाने का आरोप लगाया और उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज को बर्खास्त करने की मांग की। बीजद नेता सुलता देव ने कहा, पोस्टमॉर्टम रात में क्यों किया गया? शव रात में इसलिए लाया गया ताकि किसी को पता न चले। उन्होंने यह भी बताया कि बीजद नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर इस मामले में हस्तक्षेप की माँग की।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त, दंगा-रोधी बंदूकें और आईईडी भी बरामद

मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) ने मंगलवार को पहाड़ी राज्य में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए, जो पिछले कुछ वर्षों में घातक जातीय संघर्ष का गवाह रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई ने मणिपुर डीजीपी कार्यालय के हवाले से बताया कि संयुक्त अभियान में, बलों ने इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिले के इलाकों में ग्रेनेड, आईईडी, एके सीरीज और इंसास राइफलें, पिस्तौल, दंगा-रोधी बंदूकें और एसबीबीएल जब्त किए।3 जुलाई की रात और 4 जुलाई की सुबह, इसी तरह के एक अभियान में, मणिपुर पुलिस ने राज्य के पहाड़ी जिलों में व्यापक तलाशी अभियान के दौरान 200 से ज्यादा हथियार बरामद किए। ये छापे अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था स्थिर रहने के बीच, पुलिस ने तलाशी अभियानों में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। ये अभियान मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा शुरू की गई व्यापक कार्रवाई का हिस्सा हैं। पिछले हफ़्ते, मणिपुर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ़्तार किया।

## 18 दिन बाद शुभआगमन कैलिफोर्निया के तट पर लैंड हुआ ड्रैगन यान, अंतरिक्ष से सितारे जमीन पर

**शुभआगमन**

▶▶मिशन 14 दिन का था, पर 18 दिन चला। वहां 60 प्रयोग किए गए। इनमें 7 इसरो के थे। शुभांशु 263 किलो वैज्ञानिक सामान और डेटा ला रहे हैं। यह मिशन इसरो के लिए अहम है, क्योंकि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान 2027 में लॉन्च होना है। शुभांशु के मिशन पर 550 करोड़ खर्च हुए।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 15 जुलाई 2025 भारतीय समयानुसार दोपहर 3:00 बजे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा का समापन कर धरती पर लौट गए। सभी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आ रहा ड्रैगन यान कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में उतरा। उनके ड्रैगन कैप्सूल ने सोमवार शाम 4:45 बजे आईएसएस से अनडॉकिंग के बाद धरती की यात्रा शुरू की। शुभांशु एग्जिओम-4 मिशन के तहत 25 जून को दोपहर 12 बजे तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आईएसएस गए थे। तब पहुंचने में 28 घंटे लगे थे, लेकिन वापसी 23 घंटे में पूरी होगी। शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं।



### शुभांशु शुक्ला के पिता से राजनाथ ने की बात, योगी बोले- भारत आपके स्वागत को उत्सुक




15 जुलाई 2025 भारतीय समयानुसार दोपहर 3:00 बजे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा का समापन कर धरती पर लौट गए। सभी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आ रहा ड्रैगन यान कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में उतरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला से बात की। शुभांशु 18 दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे।

### 14 दिन का मिशन 18 दिन चला

मिशन 14 दिन का था, पर 18 दिन चला। वहां 60 प्रयोग किए गए। इनमें 7 इसरो के थे। शुभांशु 263 किलो वैज्ञानिक सामान और डेटा ला रहे हैं। यह मिशन इसरो के लिए अहम है, क्योंकि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान 2027 में लॉन्च होना है। शुभांशु के मिशन पर 550 करोड़ खर्च हुए।

### पृथ्वी पर आपका स्वागत है...शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूँ, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। 15 जुलाई 2025 भारतीय समयानुसार दोपहर 3:00 बजे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा का समापन कर धरती पर लौट गए।



## कांवड़ यात्रा पथ पर ढाबों पर फिलहाल लगाना ही होगा क्यूआर कोडः सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने यूपी-उत्तराखंड सरकार से जवाब तो मांगा, लेकिन रोक नहीं लगाई

"यूपी सरकार के वकील जितेंद्र कुमार सेठी ने कहा कि मामला संगीन है और हमें दो हफ्ते का वक्त चाहिए। जिसके बाद इस मामले में 22 तारीख की सुनवाई की वक्त मुकर्रर कर दी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और शिक्षाविद् अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई के लिए स्थगित कर दी।

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार की बड़ी जीत हुई है। क्यूआर कोड मामले को लेकर याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल की थी, उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में 2 मिनट की सुनवाई हुई। कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है और 23 तारीख तक खत्म हो जाना है। लेकिन याचिकाकर्ता को इस मामले में अंतरिम राहत की उम्मीद थी। लेकिन सुनवाई की शुरूआत के समय ही उत्तराखंड सरकार और यूपी सरकार के वकील जितेंद्र कुमार सेठी ने कहा कि मामला संगीन है और हमें दो हफ्ते का वक्त चाहिए। जिसके बाद इस मामले में 22 तारीख की सुनवाई की वक्त मुकर्रर कर दी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और शिक्षाविद् अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई के लिए स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी इसी तरह के निदेशों पर रोक लगा दी थी, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था।



## पिथौरागढ़ में बड़ा सड़क हादसा, सवारियों से भरा वाहन नदी में गिरा, 8 की मौत

### सीएम धामी ने जताया दुख

मिली जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार शाम करीब 4 बजे की है. थल-पिथौरागढ़ मोटर मार्ग में मुवानी के पास सूनी पुल से एक वाहन (मैक्स जीप) अनियंत्रित होकर 100 फीट नीचे नदी में जा गिरा.

एजेंसी



पिथौरागढ़: उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बड़ा हादसा हुआ. जहां सवारियों से भरा वाहन (मैक्स) नदी में जा गिरा है. हादसे में 8 लोगों की मौत की सूचना है. जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, वाहन मुवानी से बोकटा जा रहा था. जो कि मुवानी क्षेत्र के भंडारी गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गया. वाहन में कुल 13 लोग सवार थे.मिली जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार शाम करीब 4 बजे की है. थल-पिथौरागढ़ मोटर मार्ग में मुवानी के पास सूनी पुल से एक वाहन (मैक्स जीप) अनियंत्रित होकर 100 फीट नीचे नदी में जा गिरा. हादसे में वाहन के परखच्चे उड़ गए. हादसे में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतकों में दो सगे बहनें हैं. सभी मृतक बोकटा क्षेत्र के निवासी हैं. मृतकों में तनुजा और विनीता आपस में सगी बहनें हैं, जो जीआईसी मुवानी में कक्षा 9वीं के छात्रा हैं. घायलों को 108 के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुवानी भेजा गया. जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेज दिया गया है. घटना की जानकारी मिलते ही बेरीनाग एसडीएम आशीष जोशी और तहसीलदार देवलथल और थानाध्यक्ष थल शंकर सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची.

**मैक्स हादसे में मृतकों का विवरण**

- सिमरन पुत्री कुंदन सिंह (उम्र 8 वर्ष), निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़
- तनुजा पुत्री चंद्र सिंह (उम्र 15 वर्ष), निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़
- विनीता पुत्री चंद्र सिंह (उम्र 14 वर्ष), निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़
- नरेंद्र सिंह पुत्र चंद्र सिंह (उम्र 40 वर्ष) वाहन चालक, निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़
- राजेंद्र सिंह पुत्र किशन सिंह (उम्र 60 वर्ष), निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़
- होशियार सिंह पुत्र भीम सिंह (उम्र 65 वर्ष), निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़
- शांति देवी पुत्री केशर राम (उम्र 50 वर्ष), निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़
- दिकभा पत्नी पंकज सिंह (उम्र 28 वर्ष), निवासी- बोकटा, पिथौरागढ़

## बॉलर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

यौन शोषण केस में हाईकोर्ट बोला- एक-दो दिन मूर्ख बनाया जा सकता है, 5 साल नहीं

एजेंसी

प्रयागराज , क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा- आपको एक दिन, दो दिन के लिए मूर्ख बनाया जा सकता है। मगर 5 साल के रिश्ते में किसी को मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। यौन उत्पीड़न की एफआईआर के खिलाफ यश दयाल ने याचिका दाखिल की थी। मंगलवार को न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा व अनिल कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई की।

## भारतीय सेना मानहानि मामले में राहुल गांधी का लखनऊ कोर्ट में सरेंडर

### 5 मिनट बाद मिली जमानत

यह मानहानि का मामला गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों से जुड़ा है। अदालत के समन का पालन करते हुए, गांधी लखनऊ में सांसदों और विधायकों के लिए विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए।

एजेंसी

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि के एक मामले में लखनऊ की एक अदालत ने जमानत दे दी है। जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा की अध्यक्षता वाली एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें 20-20 हजार रुपये के दो मुचलके भरने पर राहत दी। यह मानहानि का मामला गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों से जुड़ा है। अदालत के समन का पालन करते हुए, गांधी लखनऊ में सांसदों और विधायकों के लिए विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए।



### राहुल गांधी ने क्या कहा?

यह विवाद 16 दिसंबर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शुरू हुआ था। गलवान घाटी में हुई झड़पों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों को पीट रहे हैं और कोई इस बारे में सवाल तक नहीं पूछ रहा है। उन्होंने आगे कहा था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों को पीट रहे हैं। हालाँकि, भारतीय सेना ने कुछ दिन पहले ही 12 दिसंबर को एक आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया था कि चीनी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें कड़ा और माकूल जवाब दिया गया। बयान के अनुसार, चीनी सेना को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा और दोनों पक्षों को केवल मामूली चोटें आईं।


## प्रशांत किशोर का दावा, बिहार में 60% से ज्यादा लोग चाहते हैं बदलाव

### कांग्रेस का कोई वजूद नहीं

प्रशांत किशोर आगे कहा कि एक गठबंधन बीजेपी-जेडीयू का है और दूसरी तरफ आरजेडी का गठबंधन है। इसलिए बिहार के लोगों के पास सिर्फ तीन विकल्प हैं। पहला, अगर वे चाहते हैं कि मौजूदा व्यवस्था जारी रहे, तो उन्हें नीतीश-बीजेपी को वोट देना चाहिए

एजेंसी


जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार को लेकर बड़ा दावा किया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में 60% से ज्यादा लोग बदलाव चाहते हैं, जिसमें बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर के साथ-साथ एक नई व्यवस्था भी शामिल है... आरजेडी को यहाँ वोट इसलिए मिलते हैं क्योंकि मुसलमान बीजेपी को वोट नहीं देते। कांग्रेस का यहाँ कोई वजूद नहीं है, एआईएमआईएम हैदराबाद की पार्टी है। इन पार्टियों का कोई वजूद नहीं है। बिहार में सिर्फ.जेडीयू, आरजेडी और बीजेपी ही पार्टियाँ हैं। प्रशांत किशोर आगे कहा कि एक गठबंधन बीजेपी-जेडीयू का है और दूसरी तरफ आरजेडी का गठबंधन है। इसलिए बिहार के लोगों के पास सिर्फ. तीन विकल्प हैं। पहला, अगर वे चाहते हैं कि मौजूदा व्यवस्था जारी रहे, तो उन्हें नीतीश-बीजेपी को वोट देना चाहिए; दूसरा, अगर आप इस व्यवस्था से तंग आ चुके हैं, तो आपके पास दो रास्ते हैं—या तो आरजेडी का जंगल राज, अपराध और गुंडागर्दी वापस लाएँ, या एक ईमानदार और मजबूत प्रयास (जन सुराज) में शामिल हों। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हाल में अलविदा कहने वाले बिहार के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीष कश्यप ने सोमवार को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का दामन थाम लिया। वह यहां किशोर की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। कश्यप के यूट्यूब अकाउंट पर लगभग एक करोड़ सब्सक्राइबर हैं।



## गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी, लगातार दूसरे दिन आया धमकी भरा ईमेल

"मंदिर परिसर में विस्फोटक रखे होने की चेतावनी वाले इस ईमेल के बाद एसजीपीसी अधिकारियों और पंजाब पुलिस दोनों ने तुरंत और समन्वित कार्रवाई शुरू कर दी है।

एजेंसी



अमृतसर के गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी फिर से मिली है। धमकी भरा ईमेल लगातार दूसरे भी आया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को ईमेल के जरिए मिली बम की धमकी के बाद स्वर्ण मंदिर परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंदिर परिसर में विस्फोटक रखे होने की चेतावनी वाले इस ईमेल के बाद एसजीपीसी अधिकारियों और पंजाब पुलिस दोनों ने तुरंत और समन्वित कार्रवाई शुरू कर दी है। एसजीपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नान ने पुष्टि की कि धमकी भरे ईमेल में आरडीएक्स की मौजूदगी और पवित्र स्थल को संभावित नुकसान का ज़िक्र था। हालाँकि ईमेल में समय का स्पष्ट विवरण नहीं था, फिर भी हमले की संभावित तारीख के रूप में सोमवार का अस्पष्ट उल्लेख था।

**जिहाद** — असम में जनसांख्यिकीय बदलाव पर बोले हिमंत बिस्वा सरमा

## असमिया लोगों को खत्म करने का जिहाद...

एजेंसी

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को राज्य में जनसांख्यिकीय बदलाव के अपने दावों को और पुख्ता करते हुए कहा कि स्थानीय समुदाय दबाव में हैं। उन्होंने इसे एक धर्म के लोगों द्वारा रणनीतिक अतिक्रमण बताया। गुवाहाटी में मीडिया को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ये प्रवासी राजनीतिक प्रभाव हासिल करने के इरादे से विभिन्न क्षेत्रों की जनसांख्यिकीय रूपरेखा को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। हिमंत के अनुसार, राज्य सरकार ने मई 2021 से अब तक कई बेदखली अभियानों के जरिए 1.19 लाख बीघा से ज्यादा अतिक्रमित जमीन को खाली कराया है। हालाँकि उन्होंने सीधे तौर पर उस समुदाय का नाम नहीं बताया जिसकी ओर वे इशारा कर रहे थे, लेकिन यह ध्यान देने योग्य है कि बेदखल किए गए लोगों में से कई बंगाली भाषी मुसलमान हैं। एक प्रेस वार्ता में बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वन और सरकारी जमीन से बेदखल किए गए ज्यादातर लोगों के पास पहले से ही अपने मूल ज़िलों में जमीन है, लेकिन वे किसी कथित मकसद से असम के दूर-दराज के इलाकों में जा बसते हैं। उन्होंने कहा कि वन विनाश इन मुद्दों में से एक है। ये लोग उस जगह की जनसांख्यिकी बदलने के लिए पलायन करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि प्रवासी बाद में अपने नए ठिकानों पर मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज कराते हैं। उन्होंने दावा किया, और जब उनकी संख्या हजारों में हो जाती है, तो वे एक बड़ा वोट बैंक बन जाते हैं, और राजनीतिक नेता जंगल या सरकारी जमीन पर उनके शुरूआती अतिक्रमण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते। उन्होंने समुदाय का नाम लिए बिना कहा, ये सभी लोग एक ही धर्म के हैं। असम के मुख्यमंत्री ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, यह सिर्फ. जमीन जिहाद नहीं है, बल्कि असमिया लोगों को खत्म करने का जिहाद है... निचले और मध्य असम में जनसांख्यिकीय अतिक्रमण के बाद, अब यह ऊपरी असम में हो रहा है। हिमंत ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण की इस लहर को कांग्रेस पार्टी का राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।



"गुवाहाटी में मीडिया को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ये प्रवासी राजनीतिक प्रभाव हासिल करने के इरादे से विभिन्न क्षेत्रों की जनसांख्यिकीय रूपरेखा को बदलने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ इलाकों में पार्टी के वोट शेयर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसे उन्होंने जनसांख्यिकीय बदलावों से जोड़ा।

## बिहार में हुआ महात्मा गांधी के परपोते का अपमान, तेजस्वी यादव बोले- हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं



स्थानीय मुखिया विनय कुमार साह ने उन्हें उस स्थल पर आने और पंचायत भवन में एक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। हालाँकि, कार्यक्रम के दौरान उस समय तनाव बढ़ गया जब गांधी के एक सहयोगी ने कथित तौर पर महागठबंधन के समर्थन में राजनीतिक टिप्पणी की, जिससे मुखिया नाराज हो गए।

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक नए राजनीतिक भूचाल में, महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी को कथित तौर पर अपमानित किया गया और बिहार में अपनी पदयात्रा के दौरान पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया में एक कार्यक्रम से बाहर जाने को कहा गया। यह घटना तुरकौलिया में ऐतिहासिक नीम के पेड़ के पास आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान हुई, जो महात्मा गांधी की विरासत से जुड़ा है। तुषार गांधी, जिन्होंने 12 जुलाई को पश्चिमी चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से बदलाव यात्रा की शुरूआत की थी, अपनी यात्रा के तहत तुरकौलिया पहुँचे थे। स्थानीय मुखिया विनय कुमार साह ने उन्हें उस स्थल पर आने और पंचायत भवन में एक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। हालाँकि, कार्यक्रम के दौरान उस समय तनाव बढ़ गया जब गांधी के एक सहयोगी ने कथित तौर पर महागठबंधन के समर्थन में राजनीतिक टिप्पणी की, जिससे मुखिया नाराज हो गए। जवाब में, विनय साह ने कथित तौर पर तुषार गांधी पर मंच का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और महात्मा गांधी से अपने संबंध से इनकार करते हुए अंततः उन्हें कार्यक्रम स्थल से चले जाने को कहा।

## सम्पादकीय

# आयकर विभाग की छापेमारी, राजनीतिक चंदे के फर्जी बिल

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भ्रष्ट नेताओं नौकरशाहों के पास से करोड़ों-अरबों रुपये की नकदी मिलती ही रहती है। यदि नेताओं नौकरशाहों की रिश्वतखोरी पर सचमुच लगाम लगानी है तो नकदी के चलन को कम करना होगा और मनी ट्रेल का पता लगाने की कोई ठोस व्यवस्था भी करनी होगी।आयकर विभाग को राजनीतिक चंदे के फर्जी बिल लगाने वालों के खिलाफ देश भर में बड़े पैमाने पर छापेमारी करनी पड़ी। राजनीतिक चंदे के फर्जी बिल लगाकर आयकर से बचने का काम पहले भी होता रहा है। माना जाता था कि इसमें कुछ कमी आई होगी, लेकिन लगता है कि स्थिति जस की तस है। यदि वास्तव में ऐसा है तो इसका मतलब है कि राजनीतिक चंदे और आयकर संबंधी कानून ऐसे हैं कि लोग उनका दुरुपयोग आसानी से कर लेते हैं।यदि नियम-कानून कमजोर होंगे तो लोग उन्हें तोड़ने का काम करेंगे ही। यह ठीक है कि लोगों को जिम्मेदार होना चाहिए, लेकिन आखिर सरकार की भी तो कोई जिम्मेदारी बनती है। समझना कठिन है कि वह राजनीतिक चंदे और आयकर से जुड़े कानून इस तरह के क्यों नहीं बना पा रही है कि उनका न्यूनतम दुरुपयोग हो सके और यदि लोग दुरुपयोग करें तो आसानी से पकड़ में आ जाएं।बात केवल आयकर कानूनों की विसंगतियों की ही नहीं है। टैक्स संबंधी अन्य कानून भी खामियों से पूरी तौर पर मुक्त नहीं किए जा सके हैं। आयकर की तरह जीएसटी की भी चोरी होती है। लोग टैक्स बचाने के उपाय करें, यह तो समझ आता है, लेकिन अपने देश में इसके नाम पर कर चोरी खूब होती है। यह ठीक है कि कर संग्रह बढ़ रहा है, लेकिन उतना नहीं, जितना बढ़ना चाहिए।वैसे तो टैक्स चोरी दुनिया भर में होती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि भारत में भी वह होती रहे और उस पर कोई प्रभावी लगाम न लग पाए। टैक्स चोरी अमीर तबका भी करता है और उसकी देखादेखी मध्यमवर्ग भी। टैक्स चोरी पर शायद पूरी तौर पर तो रोक नहीं लगाई जा सकती, लेकिन टैक्स चुराने वाले लोगों के मन में कानून का थोड़ा भय भी होना चाहिए।यह शुभ संकेत नहीं कि अपने देश में तमाम दावों के बाद भी टैक्स ढांचे में पर्याप्त सुधार नहीं किया जा सका है। पता नहीं टैक्स ढांचे में जरूरी सुधार करने में देरी क्यों हो रही है? जो भी हो इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि नोटबंदी के बाद यह जो दावा किया गया था कि नकदी का चलन कम हो जाएगा, वह थोथा ही साबित हुआ।किसी को इस पर विचार करना चाहिए कि नकदी का इतना अधिक चलन क्यों है? भ्रष्टाचार में नकदी की एक बड़ी भूमिका है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भ्रष्ट नेताओं, नौकरशाहों के पास से करोड़ों-अरबों रुपये की नकदी मिलती ही रहती है।

## आज का विचार

**अँधेरे से मत डरो,**
**सितारे अँधेरे में ही**
**चमकते हैं**

भारत संवाद

## राशिफल

**मेष राशि:** करियर: आज का दिन अच्छा रहेगा. कार्यक्षेत्र में माहौल अनुकूल रहेगा. विरोधी भी सहयोग करेंगे. बिजनेस: किसी नए कार्य की शुरूआत कर सकते हैं, जो आगे चलकर लाभ देगा. धन: आर्थिक दृष्टि से दिन सकारात्मक रहेगा. लाभ के योग हैं. शिक्षा: विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, सफलता मिल सकती है.

**वृषभ राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र में लाभ के योग हैं. पुराने कार्य को छोड़ सकते हैं. बिजनेस: किसी नए कार्य का शुभारंभ संभव है, जिससे आर्थिक स्थिति सुधरेगी. धन: पारिवारिक खरीदारी में खर्च हो सकता है. शिक्षा: पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी, सफलता मिलेगी.

**मिथुन राशि :** करियर: कार्य में अस्थिरता रहेगी. बाहरी यात्रा संभव है, पर सफलता संदिग्ध. बिजनेस: बने काम बिगड़ सकते हैं, सतर्क रहना जरूरी है. धन: खर्च बढ़ सकते हैं, फिजूलखर्ची से बचें.

**कर्क राशि:** करियर: अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा. थकान और तनाव संभव. बिजनेस: बड़े बदलाव से बचें, फिलहाल स्थिरता ही लाभकारी होगी. धन: सोच-समझकर निर्णय लें. शिक्षा: एकाग्रता की कमी रह सकती है. लव/पारिवारिक: दुखद समाचार मिल सकता है, जिससे मन व्यथित रहेगा. उपाय: शिव जी को जल चढ़ाएं.

**सिंह राशि :** करियर: रुके हुए कार्य पूरे होंगे. तरक्की के योग हैं. बिजनेस: नई डील या पार्टनरशिप से लाभ हो सकता है. धन: निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है. शिक्षा: विद्यार्थियों को मेहनत का फल मिलेगा. लव/पारिवारिक: धार्मिक आयोजन हो सकता है. परिवार संग यात्रा के योग बनेंगे.

**कन्या राशि :** करियर: किसी खास कार्य के लिए यात्रा करनी पड़ सकती है. बिजनेस: व्यापार में नए परिवर्तन का विचार लाभकारी हो सकता है. धन: पैतृक संपत्ति से लाभ संभव है. शिक्षा: पुराने मित्र की मदद से पढ़ाई में लाभ हो सकता है. लव/पारिवारिक: दिन पारिवारिक दृष्टि से अच्छा रहेगा.

उपाय: गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें.

**तुला राशि:** करियर: जोखिम भरे फैसले से बचें, कार्य में सतर्कता रखें. बिजनेस: किसी पर अत्यधिक निर्भरता नुकसानदेह हो सकती है. धन: निवेश सोच-समझकर करें. शिक्षा: पढ़ाई में उतार-चढ़ाव रह सकता है.

**वृश्चिक राशि:** करियर: स्वास्थ्य समस्याएं परेशानी बढ़ा सकती हैं. काम पर असर पड़ेगा. बिजनेस: लेनदेन सावधानी से करें. कानूनी दस्तावेजों की जांच जरूरी है. धन: अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है.

**मकर राशि :** करियर: कोई शुभ समाचार मिलेगा. कार्य में उन्नति होगी. बिजनेस: प्रॉपर्टी डीलिंग से लाभ होगा. धन: निवेश से लाभ की संभावना है. शिक्षा: एकाग्रता बनी रहेगी, परिणाम अच्छे आएंगे. लव/पारिवारिक: मांगलिक कार्य के योग हैं, परिवार में आनंद रहेगा.

**कुंभ राशि :** करियर: वाहन चलाते समय सावधानी रखें. कार्य में विवादों से बचें. बिजनेस: निवेश सोच-समझकर करें, हानि के संकेत हैं. धन: किसी अपरिचित को उधार देना हानिकारक होगा. शिक्षा: पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो सकता है. लव/पारिवारिक: पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद संभव है. उपाय: भगवान शिव को नीला पुष्प चढ़ाएं.

**मीन राशि :** करियर: कार्य में सफलता धीरे-धीरे मिलेगी, यात्रा सफल रहेगी. बिजनेस: व्यापार में बदलाव के योग हैं, विशेषज्ञ की सलाह लें. धन: धन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी. शिक्षा: छात्रों के लिए दिन अच्छा है. लव/पारिवारिक: लवमेट से तालमेल बेहतर होगा, मतभेद खत्म होंगे. उपाय: मछलियों को आटा खिलाएं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# मताधिकार और नागरिकता का पेचीदा सवाल, मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े कई सवाल

> राजनीतिक प्रयोगशाला में देर-सबेर नागरिकता संशोधन कानून अपनी उपयोगिता निभा सकता है लेकिन न्यायपालिका भी सत्ता का आईना है जिसमें लोकतंत्र की नाव यथार्थ से थोड़ी दूर मगर सुरक्षित दिखाई देती है। बहस के दौरान की गई अदालती टिप्पणियां फैसलों में प्राय विलुप्त हो जाती हैं। देश में कानून का राज है किसी दल विशेष का नहीं।

पा बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में विपक्षी दलों की ओर से पैरवी में लगे वकील-सांसद कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी थी कि इस समीक्षा की आड़ में निर्धन, अशिक्षित, दलित और वंचित तबके के लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का षड्यंत्र किया जा रहा है और सत्ताधारी दल के इशारे पर चुनाव आयोग मनमानी कर रहा है। जब चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि मताधिकार के लिए नागरिकता अनिवार्य है और आधार, राशन, चुनाव, पैन कार्ड आदि को नागरिक होने का प्रमाण नहीं माना जा सकता तो न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और जायमल्या बागची ने कहा कि नागरिकता की जांच का काम तो गृह मंत्रालय का है, न कि चुनाव आयोग का। इस पर आयोग की ओर से जवाब दिया गया कि उसे अनुच्छेद 326 के तहत भी अधिकार प्राप्त हैं। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। अब 28 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होगी। पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी रखने की हरी झंडी दिखाने के साथ ही शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आधार, वोटर, राशन कार्ड आदि दस्तावेजों को मान्य करने का सुझाव देते हुए मतदाता सूची अधिसूचित करने से पहले सभी पक्षों को अवगत कराने का भी निर्देश दिया। यह निर्देश भी दिया कि बिना अवसर दिए किसी का नाम न हटाया जाए। चुनाव आयोग 2003 के बाद




मतदाता बने व्यक्तियों की नागरिकता संबंधी दस्तावेजों की जांच में आधार, राशन या चुनाव कार्ड को प्रामाणिक दस्तावेज नहीं मान रहा था। संवैधानिक संस्था होने के नाते चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट के सुझावों-निर्देशों का सम्मान करना ही चाहिए, पर इस बार दुविधा बहुत बड़ी है। पेच इस पहलू में फंसा हुआ है कि मतदाता होने के लिए भारत का नागरिक होना अनिवार्य है और नागरिकता संशोधन कानून के अनुसार नागरिकता के लिए विशेष रूप से 2004 के बाद भारत में पैदा हुए व्यक्ति को यह प्रमाणित करना अनिवार्य है कि जन्म के समय उसके माता-पिता भारत के नागरिक थे/हैं। अथवा दोनों में से एक नागरिक है और ह्यघुसपैठियाह्न नहीं है। यही वह वर्ग है जो पहली बार मतदाता बनेगा। ऐसे में इस कवायद से जुड़े तमाम सवाल केवल बिहार चुनाव और वहां की मतदाता सूची तक ही सीमित नहीं रहेंगे। इसकी गूंज आने वाले चुनावों में भी सुनाई देगी। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार जैसे देशों के लोगों के नाम आने के संकेतों के बीच इसकी मांग जोर पकड़ रही कि मतदाता सूची सत्यापन का काम पूरे देश में किया जाए। चुनाव आयोग ने ऐसा करने को कहा भी है।

सैद्धांतिक रूप से भारतीय नागरिकता जन्म और निवास के आधार पर तय की गई है। संविधान लागू होने के कुछ समय बाद भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 में प्रविधान किया गया कि अगर किसी व्यक्ति का भारत में जन्म हुआ है तो उसे भारत का नागरिक माना-समझा जाएगा। नागरिकता कानून में जनवरी, 2004 से संशोधन किया गया कि 7 जुलाई, 1987 के बाद, किंतु 7 जनवरी, 2004 से पहले भारत में पैदा हुआ व्यक्ति भारत का नागरिक माना-समझा जाएगा, बशर्ते जन्म के समय उसके माता या पिता भारत के नागरिक हों। 7 जनवरी, 2004 के बाद जन्मा व्यक्ति भारत का नागरिक तभी होगा, जब उसके माता-पिता भारत के नागरिक हों या दोनों में से एक भारत का नागरिक हो और दूसरा ह्यघुसपैठियाह्न न हो। नागरिकता कानून को लेकर सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1970 उस साल एक अप्रैल से लागू हुआ। 1970 से पहले जन्म या मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य नहीं था। इसलिए हर नागरिक के पास जन्म प्रमाण पत्र होना असंभव है। हालांकि 1970 के बाद जन्में तमाम नागरिकों के पास भी जन्म प्रमाण पत्र नहीं होगा। अधिकांश के पास पासपोर्ट, राशन कार्ड, आधार, पैन और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज तो हैं, लेकिन माता-पिता के जन्म का प्रमाण पत्र नहीं होगा। पासपोर्ट भारतीय नागरिकों को ही जारी किया जाता रहा है, मगर वह भी सिर्फ यात्रा दस्तावेज है। इस बहस में कुछ और सवाल उभरते हैं। देसी-विदेशी महिला (पुरुष) से विवाह का पंजीकरण अभी तक अनिवार्य नहीं है। अनाथ और लावारिस व्यक्तियों की नागरिकता का क्या होगा? एकल या अविवाहित मांओं के बारे में भी सोचना पड़ेगा या नहीं? 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने एबीसी बनाम दिल्ली राज्य जैसे मामले में फैसला सुनाया था कि अविवाहित मां को अपने बच्चों की संरक्षता के लिए पिता की मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। उसके आदेश में कहा गया था कि जब भी किसी एकल अभिभावक या अविवाहित मां अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करे तो सिर्फ एक हलफनामा पेश किए जाने पर बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाए। इस निर्णय के बावजूद जन्म प्रमाण पत्र के लिए ह्यआनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टमह्न में अभी भी बच्चे के पिता का नाम बताना अनिवार्य है। अन्यथा पंजीकरण संभव नहीं। यदि किसी मामले में मां की उम्र 18 साल से कम (नाबालिग) है तो मौजूदा ह्यसिस्टमह्न सूचना स्वीकार नहीं करता। अगर 2025 में भी जन्म प्रमाण पत्र लेना इतना आसान नहीं तो अनुमान लगाया जा सकता है कि बिहार या बंगाल में वोट बनवाना कितना मुश्किल काम हो सकता है। राजनीतिक प्रयोगशाला में देर-सबेर नागरिकता संशोधन कानून अपनी उपयोगिता निभा सकता है, लेकिन न्यायपालिका भी सत्ता का आईना है, जिसमें लोकतंत्र की नाव यथार्थ से थोड़ी दूर, मगर सुरक्षित दिखाई देती है। बहस के दौरान की गई अदालती टिप्पणियां फैसलों में प्रायः विलुप्त हो जाती हैं। देश में कानून का राज है, किसी दल विशेष का नहीं। इसलिए कानून का पालन और न्याय व्यवस्था में अटूट आस्था बनाए-बचाए रखना जरूरी है। मताधिकार के लिए नागरिकता अनिवार्य तो है, लेकिन चुनावी फायदे के लिए कानून को राजनीतिक अखाड़ा बनाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं होगा।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव

ललित गर्ग



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपए के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दशार्ता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पदार्पाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए।

# नॉर्थ कोरिया, रूस और चीन की जुगलबंदी, बढ़ गई डोनाल्ड ट्रंप की बेचैनी

संजीव ठाकुर

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोषी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध को विराम तो नहीं दे पाए किंतु युद्ध की आग को और भड़का दिया है। उधर परमाणु संपन्न देश चीन नॉर्थ कोरिया और रूस की त्रिगुटीय जुगलबंदी ने अमेरिका सहित नाटो यूरोपीय देश और यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है।संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका निरर्थक हो चुकी है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की कठपुतली बन चुका है। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है ताजा ताजा घटनाक्रम में रूस के विदेश मंत्री लावरोव उत्तर कोरिया के दौरे पर जाकर वहां के समकक्ष चोई सांन संग से उत्तर कोरिया के शहर पूर्वी वोंनसान मैं अत्यंत महत्वपूर्ण मीटिंग की है।रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन से भी मुलाकात कर रुस को यूक्रेन और अमेरिका के खिलाफ समर्थन देने की बात रखी जवाब में उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन ने रूस को अमेरिका यूरोप और यूक्रेन के खिलाफ निशर्त खुला समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि उत्तरी कोरिया पिछले कई महीनो से मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा हैह्न उधर उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम के जवाब में अमेरिका दक्षिण कोरिया व जापान त्रिपक्षीय त्रिपक्षी संधियां और सैनिक अभ्यास का विस्तार तथा फिर से बहाली कर रहे हैं। तीनों देशों ने उत्तर कोरिया के रूस और चीन को समर्थन देने के और परमाणु परीक्षणों के खिलाफ दक्षिण कोरिया प्रायद्वीप के पास अमेरिकी परमाणु सक्षम बम वर्षको के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया है। उल्लेखनीय है कि तीनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने एक गंभीर बैठक कर उत्तर कोरिया से क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाली सभी गैर कानूनी गतिविधि बंद करने का आह्वान किया है वैसे भी उत्तर कोरिया अमेरिका के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और जापान के इस युद्ध अभ्यास को उत्तर कोरिया के खिलाफ होने वाले हमले का पूर्व अभ्यास मानता है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया हैह्न यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता हैह्न उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता हैह्न उधर रूस यूक्रेन युद्ध को ढाई वर्ष पूरे हो चुके है कई प्रभावशाली प्रयासों के बाद भी युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है रूस के व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्स्की हास्य कलाकार होने के बावजूद यूक्रेन के लिए त्रासदी के नायक बन गए हैं।

# ओरियो बिस्किट के डिब्बे में 62 करोड़ की कोकीन... मुंबई एयरपोर्ट पर DRI ने ली महिला की तलाशी तो फटी रह गई आंखें

**राजस्व खुफिया निदेशालय मुंबई ने हवाई अड्डे पर एक भारतीय महिला को 62.6 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ पकड़ा। महिला दोहा से आई थी और उसने ओरियो बिस्किट के डिब्बों में कोकीन छिपा रखी थी। एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः राजस्व खुफिया निदेशालय मुंबई की टीम ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय महिला के पास से 62.6 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी, जिसमें महिला के ड्रग्स तस्करी में शामिल होने की जानकारी मिली थी। डीआरआई के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें यह सूचना मिली थी कि 14 जुलाई को दोहा से मुंबई आने वाली एक महिला यात्री मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली है। महिला के मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उसे रोका गया और उसके सामान की गहन जांच की गई।ओरियो बिस्किट के डिब्बे में कोकीनजांच में महिला के बैग से 6 ओरियो बिस्किट के डिब्बे और तीन चॉकलेट बॉक्स बरामद किए गए। जब इन डिब्बों को खोला गया, तो उनके अंदर 300 कैप्सूल पाए गए जिनमें सफेद पाउडर भरा था। फील्ड टेस्ट किट से जांच करने पर सभी कैप्सूल में कोकीन होने की पुष्टि हुई। डीआरआई ने बताया कि इन कैप्सूल्स से कुल 6,261 ग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में अनुमानित कीमत 62.6 करोड़ रुपये है।एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है

# आपकी हरकतों से मेरी बदनामी...

## एकनाथ शिंदे का शिवसेना के मंत्रियों-विधायकों को दी बड़ी चेतावनी

**महाराष्ट्र में शिवसेना के मंत्री और विधायक के विवाद में घिरे के बाद एकनाथ शिंदे ने कड़ी चेतावनी जारी की है। डीसीएम शिंदे ने अपनी पार्टी विधायकों को और मंत्रियों को सुनाई खरी-खरी सुनाते हुए कहा है कि आपकी हरकतों से बदनामी मेरी होती है। शिंदे ने कहा कि विपक्ष का आरोप है कि शिंदे मजबूर है, लेकिन ऐसा नहीं है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने पार्टी के विधायकों और मंत्रियों को सुधर जाने की चेतावनी दी है। अपनी पार्टी के कुछ विधायकों और मंत्रियों की हरकतों से तंग शिंदे ने कहा है कि आपकी हरकतों का जवाब मुझे देना पड़ता। इससे मेरी बदनामी होती है, बेहतर होगा कि समय रहते सुधर जाओ नहीं तो मंत्रिमंडल से बाहर जाना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने चेताया कि आप चाहे कितने बड़े क्यों न हो, पर आप पार्टी से बड़े नहीं है। अगर पार्टी को बदनाम करने की कोशिश करेंगे तो मजबूर होकर मुझे करवाई करनी पड़ेगी। दूसरी ओर विपक्ष ने शिंदे पर आरोप लगाया है कि वे अपने विधायकों और मंत्रियों के सामने मजबूर है। वे कुछ नहीं कर सकते।

विवादों ने बढ़ाई शिंदे की मुश्किल

पिछले दिनों शिंदे सेना के नेता और बुलढाणा के विधायक संजय गायकवाड़ ने आकाशवाणी विधायक निवास के कैंटीन कर्मचारी को पीट दिया। शिंदे सेना कोटे से ही मंत्री संजय शिरसाट का एक वीडियो क्लिप सामने आया, जिसमें नोटों से भरे सूटकेस दिखाई दिया। वीडियो सार्वजनिक होने के बाद भी वे हठबाजी से जवाब देते रहे। इन दोनों मामले से उपमुख्यमंत्री शिंदे की खूब किरकिरी हुई। मॉनसून सत्र के दोनों सदनों में मामले की गूंज सुनाई दी। मीडिया में उपमुख्यमंत्री शिंदे को जवाब देना भारी पड़ रहा था। इससे डीसीएम शिंदे चिढ़ गए। कहते है मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी उपमुख्यमंत्री शिंदे से कहा कि वे अपने विधायकों और मंत्रियों पर नकेल लगाए। उनकी हरकतों से सरकार की बदनामी हो रही है।

बैठक में शिंदे के कड़े तेवर

इसके बाद सोमवार की देर रात डीसीएम शिंदे ने दादर में अपनी पार्टी के प्रमुख नेताओं, विधायकों को और मंत्रियों की बैठक बुलाई। बैठक में उनके तेवर दिखाई दिए। पार्टी के एक विधायक ने बताया कि संजय शिरसाट और संजय गायकवाड़ का मामला सामने आने के बाद शिंदे साहेब ने यह बैठक बुलाई गई, वर्ना चल रहे मॉनसून सत्र में बैठक बुलाने की जरूरत नहीं थी। बैठक में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने जमकर खबर ली। गायकवाड़ और शिरसाट को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि लोग इस तरह की घटनाओं को लेकर आप पर नहीं, मुझ पर उंगली उठाते हैं और सवाल मुझसे पूछते हैं। आप सभी लोग मेरे अपने हो, और आपकी बदनामी मतलब मेरी बदनामी है इसलिए आप सभी गलत चीजों में अपना समय बर्बाद न करें। ब

**फास्ट ट्रैक**

# मध्य रेल की वातानुकूलित (एसी) लोकल टास्क फोर्स ने यात्रा अनुभव को बेहतर बनाया

## 100% शिकायतों का निपटारा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने यात्रियों की संरक्षा और आराम को प्राथमिकता देते हुए, यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक साहसिक और निर्णायक कदम उठाते हुए, अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए एक अनूठी पहल की है। 25 मई 2024 को, मध्य रेल ने उपनगरीय ट्रेनों में अनियमित यात्रा से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित एसी क्लास टास्क फोर्स की शुरूआत की। यात्रियों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए एक विशेष दस्ता तैनात किया गया है, जिसे एक समर्पित 24/7 व्हाट्सएप शिकायत नंबर, 7208819987 की सहायता प्राप्त है। यह अभिनव पहल यात्रियों को अनियमित यात्रा की घटनाओं की रिपोर्ट करने में मदद करता है, जिससे यात्रा के दौरान तत्काल सहायता सुनिश्चित होती है और आवश्यकतानुसार अनुवर्ती कार्रवाई भी होती है। समर्पित व्हाट्सएप नंबर पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का तुरंत जवाब दिया जाता है। यदि विशेष दस्ता शिकायत में उल्लिखित विशेष अनुभाग में है, तो वे तुरंत कार्रवाई शुरू कर देते हैं, हालाँकि, यदि दस्ता तुरंत उपलब्ध नहीं होता है, तो अगले दिन कार्रवाई की जाती है। 25 मई 2024 से 30 जून 2025 की अवधि के दौरान, कुल 11,134 शिकायतें प्राप्त हुईं और सभी का 2 दिन की लघु अवधि में ही समाधान कर दिया गया, जिससे शिकायतों का 100% समाधान हो गया। इस सक्रिय प्रवर्तन के कारण शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है, और शिकायतों का दैनिक औसत जून 2024 में 79 से घटकर जून 2025 में 29 हो गया है। प्रतिदिन प्राप्त होने वाली अधिकतम शिकायतें भी जून 2024 में 228 से घटकर जून 2025 में 103 हो गई हैं। प्राप्त शिकायतों, की गई कार्रवाई और विशेष दस्तों की तैनाती के गहन विश्लेषण के आधार पर, 25 मई 2024 से 9 जुलाई 2025 की अवधि के दौरान एसी लोकल ट्रेनों में बिना उचित टिकट के यात्रा करते हुए आश्चर्यजनक रूप से 1.22 लाख यात्रियों का पता लगाया गया और 4.01 करोड़ रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए। इस प्रकार, प्रतिदिन औसतन 365 यात्री बिना उचित टिकट के यात्रा करते हैं और उल्लंघनकताओं से प्रतिदिन औसतन 1.19 लाख रुपये की वसूली होती है। इस पहल को मध्य रेल द्वारा अपनी प्रीमियम सेवाओं के उच्च मानकों को बनाए रखने के सक्रिय दृष्टिकोण के लिए यात्रियों से व्यापक प्रशंसा मिली है। विशेष रूप से, मध्य रेल का मुंबई उपनगरीय नेटवर्क अपनी 1810 सेवाओं के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 3.9 मिलियन यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाता है, जिसमें प्रतिदिन 80 एसी लोकल सेवाएं शामिल हैं, जो प्रतिदिन लगभग 78000 यात्रियों को उनके गंतव्य तक पंहुचाती हैं। मध्य रेल के मुंबई मंडल का लक्ष्य एसी लोकल डिब्बों में अनियमित यात्रा के संबंध में शून्य शिकायतें प्राप्त करना है। नियमित जांच के साथ-साथ समर्पित व्हाट्सएप शिकायत नंबर की शुरूआत ने इस उद्देश्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रूप से सहायता की है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अनियमित यात्रा की किसी भी घटना की सूचना देने के लिए व्हाट्सएप शिकायत संख्या 7208819987 का उपयोग करें। कृपया ध्यान दें कि यह समर्पित नंबर केवल दिए गए नंबर पर संदेश भेजने के लिए है और इस पर कोई फोन कॉल नहीं किया जा सकता। मध्य रेल अपने यात्रियों से अपील करता है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए उचित टिकट खरीदकर सम्मानपूर्वक यात्रा करें।

# सतर्क पॉइंट्समैन ने चोर को रंगे हाथों पकड़ा- मुलुंड यार्ड में चोरी की वारदात रोकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल के मुंबई मंडल के न्यू मुलुंड गुड्स शेड (एनजीएसएम) में कार्यरत सहायक पॉइंट्समैन श्री सुधीर प्रजापति ने न केवल चोरी की एक घटना को रोकने, बल्कि अपराधी को रंगे हाथों पकड़ने में भी अदम्य साहस का परिचय दिया है। दिनांक 14.07.2025 को 17.05 बजे, ट्रेन संख्या 11016 अमृत भारत एक्सप्रेस को ठाणे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट करने के बाद एनजीएसएम यार्ड में स्टेबलिंग के लिए लाया गया और खाली रेक के रूप में आरडी लाइन संख्या 2 पर खड़ा किया गया। स्टेबलिंग प्रक्रिया के दौरान, ड्यूटी पर तैनात सहायक पॉइंट्समैन श्री प्रजापति लकड़ी के वेज और संरक्षा जंजीरें लगाने के लिए ट्रेन के मुंबई छोर की ओर गए। जैसे ही वह हैंड ब्रेक लगाने के लिए एसएलआर कोच संख्या सीआर-256034 में चढ़े, उन्होंने कोच में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालात में देखा। जब उससे पूछताछ की गई, तो उस व्यक्ति ने श्री प्रजापति को धक्का दिया और ट्रेन के विपरीत छोर की ओर भागने का प्रयास किया।त्वरित सोच और साहस का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, श्री प्रजापति ने तुरंत अपने ड्यूटी पर तैनात सहकर्मी श्री सुनील पाटिल, ट्रेन क्लर्क को सूचित किया और उनकी मदद से, थोड़ी दूर पीछा करने के बाद, कल्याण छोर पर उस व्यक्ति को पकड़ लिया। चोरी का सामान चोर से बरामद कर लिया गया और उसे उप-मुख्य यार्ड मास्टर, एनजीएसएम यार्ड की सुरक्षा निगरानी में रख गया।चोर को आगे की कार्यवाही के लिए एनजीएसएम यार्ड में तैनात आरपीएफ कर्मी को सौंप दिया गया।केवल 21 माह पुर्व रेलवे में शामिल हुए एक ईमानदार और समर्पित रेलकर्मी श्री प्रजापति के इस कार्य ने न केवल रेलवे की संपत्ति को चोरी होने से बचाया है, बल्कि दूसरों के लिए रेलवे और जनता की सेवा में अपनी कार्य सीमा से आगे बढ़कर अपने कर्तव्यों का पालन करने का एक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। मध्य रेल को ऐसे रेलकर्मियों पर गर्व है।

# हिटलर के गोएबल्स की तरह हैं सोशल मीडिया के फैंस क्लब, आर्यन खान केस में घिरे समीर वानखेड़े ने बड़ा बयान

**बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे को ड्रग्स केस में अरेस्ट करने के बाद सुर्खियों में आए समीर वानखेड़े ने बड़ा बयान दिया है। वानखेड़े ने कहा है कि सोशल मीडिया पर मौजूद फैन क्लब नैरेटिव बदलने का काम करते हैं। वानखेड़े ने इनकी तुलना हिटलर के गोएबल्स से की।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः बॉलीवुड अभिनेत शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के ड्रग केस में रिश्वत के आरोपों का सामना कर रहे समीर वानखेड़े ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए हुए एक इंटरव्यू में कहा है कि फैन क्लब उसी तरह से काम कर रहे हैं जो हिटलर के लिए गोएबल्स की भूमिका थी। वानखेड़े ने कहा है कि फैन क्लब चीजों को तोड़-मरोड़कर पेश करते हैं। वानखेड़े ने सोशल मीडिया पर मौजूद फैन क्लब पर बोलते हुए कहा कि हिटलर के जमाने में जोसेफ गोएबल्स झूठी खबरें फैलाते थे। उन्होंने ही ये तरीका निकाला था कि आप इतनी बार झूठ बोलें कि लोग उसे सच मानने लगें। आज भी ऐसा कई बार होता है। दर्शकों को ही ये तय करना होगा कि क्या सच है और क्या झूठ? समीर वानखेड़े का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब पिछले हफ्ते सीबीआई के वकील ने कोर्ट मे कहा था कि जांच एजेंसी अगले तीन महीने में रिश्वत मामले में जांच पूरी करेगी।

### समीर वानखेड़े का छलका दर्द

समीर वानखेड़े ने कहा जनता को भी खबरों को सावधानी से देखना होगा। कि एक शख्स अपने फैन क्लबों के जरिए किस तरह नैरेटिव पर हावी हो जाता है। समीर वानखेड़े ने आगे बताया कि फैन क्लबों द्वारा निशाना बनाए जाने का लोगों और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मैं इससे गुजरा हूं। ज्यादातर लोगों को इसके बारे में पता नहीं था, लेकिन अब वे इसके बारे में बात कर रहे हैं। मैं इससे बहुत खुश हूं। उन्हें कोई सीमा नहीं पता, वे बिना किसी सीमा के महिलाओं और बच्चों के बारे में गंदी बातें कहते हैं। मैं इससे गुजरा हूं। इसने मुझे मजबूत बनाया है, लेकिन हर कोई इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। वे अवसाद में जा सकते हैं।

### वानखेड़े बोले-कानून की नहीं जानकारी

समीर से पूछा गया कि कैसे अमीर लोगों ने सोशल मीडिया पर फैन क्लबों में लाखों रुपये निवेश किए हैं। जो लोगों को गुमराह करके यह विश्वास दिलाते हैं कि देश उनके साथ है लेकिन साइबर सेल ऐसे फैन क्लबों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? इस सवाल के जवाब में वानखेड़े ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि इसके लिए एक आईटी अधिनियम है।

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने रेल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## संरक्षा सम्बन्धी अभियानों, अधोसंरचना कार्य एवं ट्रेन पंक्चुवेलिटी पर हुई चर्चा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर 15 जुलाई। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में सेफ्टी तथा तीनों मंडलों में चलाये जा रहे विशेष संरक्षा सम्बन्धी अभियानों, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, रेल मदद, माल ढुलाई से आय की वृद्धि, रिवेन्यू एवं कैपेक्स (कैपिटल एक्सपेंडीचर) जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों पर विस्तार से चर्चा की साथ ही निर्माण कार्यों में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के तहत संरक्षा के मानकों के दिशा-निदेर्शों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने जैसे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने पैसेंजर, गुड्स (लोडिंग) तथा संड्री (नॉन फेयर रिवेन्यू) आय की समीक्षा करते हुए कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने की दिशा में कारगर उपायों पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। साथ ही यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है।उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता के साथ साथ एसेट फेलियर को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाएं न हों इसके लिए ड्यूटी पर सतर्क रहें साथ ही समय पर रेल परिचालन में उपयुक्त सभी एसेट्स की जाँच सुनिश्चित करें। साथ ही महाप्रबंधक ने तीनों मण्डल पर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अधिकतम उपयोग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इस बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति राजधानी

## तेजस एक्सप्रेस का दाहोद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 12953/12954 मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति राजधानी तेजस एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर दाहोद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः 16 जुलाई, 2025 से मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 12953 मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति राजधानी तेजस एक्सप्रेस दाहोद स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 23:38 बजे दाहोद स्टेशन पहुंचेगी और 23:40 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 16 जुलाई, 2025 से हजरत निजामुद्दीन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 12954 हजरत निजामुद्दीन-मुंबई सेंट्रल अगस्त क्रांति राजधानी तेजस एक्सप्रेस दाहोद स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 02:31 बजे दाहोद स्टेशन पहुंचेगी और 02:33 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# मुझ पर उंगली उठती है, एक्शन को मजबूर न करें, कायदे में रहें...एकनाथ शिंदे की अपनी पार्टी के नेताओं को वॉर्निंग

**महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपनी पार्टी के नेताओं को अनुशासन में रहने की सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने मंत्रियों और विधायकों को गलत कामों से दूर रहने और जनता के सेवक के रूप में काम करने की सलाह दी है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि उन्हें कार्रवाई के लिए मजबूर न करें।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और शिवसेना के बड़े नेता एकनाथ शिंदे ने अपनी पार्टी के लोगों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने पार्टी के मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों को अनुशासन में रहने को कहा है। शिंदे ने कहा कि वह लोग गड़बड़ करते हैं और सुनना उन्हें पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर वे नहीं माने तो उन्हें कार्रवाई करनी पड़ेगी। एकनाथ शिंदे ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनसे लोग आप पर नहीं, मुझ पर उंगली उठा रहे हैं। वे मुझसे पूछ रहे हैं कि आपके टछअ क्या कर रहे हैं? आप सब मेरे अपने लोग हैं। हम एक परिवार हैं। आपकी बदनामी मेरी बदनामी है। अपनी ऊर्जा बेकार की बातों में बर्बाद मत करो। कम बोलो, काम ज्यादा करो।'

'अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं'

शिंदे ने आगे कहा, 'कुछ मंत्रियों को जनता के विरोध के कारण इस्तीफा देना पड़ा। मुझे अपने परिवार के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करना पसंद नहीं है। लेकिन मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर मत करो। मैं आप सभी से अनुशासन और जवाबदेही की उम्मीद करता हूं।' शिंदे यह साफ कर रहे हैं कि वे किसी भी गलत काम को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर कोई मंत्री या विधायक गलत काम करता है, तो उसे पद से हटाया जा सकता है।

'बॉस की तरह व्यवहार नहीं करता लेकिन...'

एकनाथ शिंदे ने यह भी कहा, 'मैं बॉस की तरह व्यवहार नहीं करता। मुझे गुस्सा नहीं आता। मैं एक कार्यकर्ता की तरह काम करता हूं - और आपको भी ऐसा ही करना चाहिए। अपनी सफलता को अपने सिर पर मत चढ़ने दो।

# म्हाडा के 5285 घरों की लॉटरी के आवेदन शुरू

**मुंबई में घर खरीदने का सपना अब साकार हो सकता है। म्हाडा कोंकण मंडल 5000 से ज्यादा घरों के लिए लॉटरी लेकर आया है, जिसके लिए आवेदन आज से शुरू हो गए हैं। ठाणे, वसई और सिंधुदुर्ग में फ्लैट और भूखंड उपलब्ध हैं। म्हाडा के घरों की लॉटरी सितंबर महीने में होगी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : अगर आप घर खरीदने का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। म्हाडा कोकण मंडल 5,000 से ज्यादा घरों के लिए लॉटरी लेकर आया है। इस लॉटरी के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। आप ऑनलाइन तरीके से अप्लाई कर सकते हैं। यह लॉटरी अलग-अलग योजनाओं के तहत निकाली जाएगी। इसमें 77 भूखंड (जमीन के टुकड़े) हैं। कुल मिलाकर 5,285 फ्लैटों के लिए लॉटरी निकाली जाएगी।कहां कितने घर ?ठाणे शहर और जिले, वसई में अलग-अलग हाउसिंग स्कीम के तहत फ्लैट मिलेंगे। इसके अलावा, सिंधुदुर्ग के ओरोस और कुळगाव-बदलापूर में 77 भूखंड भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। कोंकण विभाग ने इस लॉटरी को पांच हिस्सों में बांटा है।20% सर्वसमावेश योजना में 565 फ्लैट हैं। 15% एकात्मिक शहर गृहनिर्माण योजना में 3002 फ्लैट हैं। म्हाडा कोंकण मंडल गृहनिर्माण योजना के तहत 1,677 फ्लैट जैसे हैं वैसे ही मिलेंगे। म्हाडा कोकण मंडल गृहनिर्माण योजना (50% किफायती फ्लैट) के तहत 41 फ्लैट बिक्री के लिए हैं।म्हाडा लॉटरी के लिए आवेदन कैसे करें ?आवेदन करने से पहले नियम और शर्तें जरूर पढ़ लें। अप्लाई करते समय सारे जरूरी कागजात ठीक से भरें। जिन लोगों के आवेदन सही पाए जाएंगे, उनकी लॉटरी कंप्यूटर से निकाली जाएगी। कोकण मंडल की यह लॉटरी कल्छटर 2।0 कंप्यूटर प्रणाली और ऐप के जरिए होगी। 14 जुलाई को दोपहर 1 बजे से आवेदन शुरू हो गए हैं।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट कब से हो रहा शुरू? देवेंद्र फडणवीस ने बताई तारीख

**नवी मुंबई हवाई अड्डा 30 सितंबर को खुलने के लिए तैयार है, जिसकी पुष्टि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की है। शुरूआत में यह हवाई अड्डा केवल 12 घंटे के लिए खुलेगा और घरेलू उड़ानें कुछ महीनों बाद शुरू होंगी। नवी मुंबई एयरपोर्ट खुलने से मुंबई एयरपोर्ट का बोझ कम होगा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए एक नया हवाई अड्डा बनने जा रहा है। इसका नाम नवी मुंबई हवाई अड्डा है। यह हवाई अड्डा 30 सितंबर को खुलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने नई तारीख बताई है। सूत्रों से पता चला है कि घरेलू उड़ानें कुछ महीनों बाद ही शुरू होंगी। शुरूआत में, हवाई अड्डा केवल 12 घंटे के लिए खुलेगा। यह सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक ही चालू रहेगा। धीरे-धीरे हवाई अड्डे का काम बढ़ाया जाएगा।हर साल दो करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमतापहले चरण में, नवी मुंबई हवाई अड्डे पर एक रनवे और एक टर्मिनल बिल्डिंग होगी। इससे हर साल 2 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। अभी मुंबई हवाई अड्डा बहुत व्यस्त है। वहां एक ही रनवे से हर साल लगभग 5.5 करोड़ यात्री आते-जाते हैं। नया हवाई अड्डा खुलने के बाद, टटफ से यात्रा करने वाले लोगों को दो हवाई अड्डों से उड़ानें बुक करने का विकल्प मिलेगा।क्या बोले देवेंद्र फडणवीसमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है क नवी मुंबई हवाई अड्डा 30 सितंबर को खुलेगा। इससे मुंबई और आसपास के लोगों को यात्रा करने में आसानी होगी। नया हवाई अड्डा खुलने से मुंबई हवाई अड्डे पर भीड़ कम होगी। लोगों को अब उड़ान पकड़ने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह हवाई अड्डा मुंबई के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**मध्य रेलवे**
**सोलापूर मंडल**
**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वर्क्स), मध्य रेलवे, सोलापूर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. **निविदा सूचना क्र. : 26-2025-वरि. डीईएनसी. कार्य का नाम :** दो वर्षों की अवधि हेतु एसएसई/पी.वे/यूएसएफडी/एसयूआर अंतर्गत यूएसएफडी ओपन लाइन टीम के साथ कार्य करने हेतु सेवाएं प्रदान करना (पुनः आमंत्रण). **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 4,16,83,931.50. **बयाना रकम :** रु. 3,58,400/-, **कार्य की समापन अवधि :** 24 माह, **अनुरक्षण अवधि :** शून्य. वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उद्धृत निविदा अपलोडिंग की अंतिम तिथि एवं समय : **11.08.2025** को **15.00** बजे तक. वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि एवं समय : **11.08.2025** को **15.30** बजे. संभावी निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त निविदा हेतु जारी किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए निविदा बंद होने की तिथि से पूर्व तक वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें.

वेबसाइट : **www.ireps.gov.in**
सोलापूर 14.07.2025
डीआरएम (वर्क्स), सोलापूर 49

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**कपलर हेड के लिए स्फेरोइलास्टिक साइलेंट ब्लॉक**

**निविदा सूचना No. CWE/MTN/85256273/2025**
**निविदा No:** 85256273 **निविदा विवरण:** एएआर - एच टाइप सीबीसी से डीआरजी तक के कपलर हेड के लिए स्फेरोइलास्टिक साइलेंट ब्लॉक। मेसर्स एस्कॉट्र्स लिमिटेड का नंबर 1सी 101060069। एलएचबी कोचों के लिए आरडीएसओ स्पेक नंबर आरडीएसओ/2011/सीजी-03 रेव-3 की पुष्टि करता है। **मात्रा:** 320 Nos. **नियत तारीख:** 06.08.2025 **राशि:** रु.7363200
AMM(CWE)MTN 258

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**
**सिग्नलिंग कार्य**

वरि. डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008 द्वारा **निविदा क्र. : एसजी_216_2_114_डब्ल्यूए_एसटी, दिनांक : 14.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान :** मुंबई मंडल के विरार - सूरत अनुभाग के एडीएसटीई/सूरत के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दोषपूर्ण/कालबाह्य मिडलाइफ सिग्नलिंग गियर्स का प्रतिस्थापन तथा विश्वसनीयता सुधार के कार्य के संबंध में सिग्नलिंग आइटम्स की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 2,33,51,661.53. ईएमडी : रु. 2,66,800/-, **जमा करने की तिथि एवं समय :** 11.08.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय :** 11.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **0400**

Like us on : facebook.com/WesternRly

# डॉ. शशिकला पटेल सामाजिक संगठनों द्वारा हुई सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,आर. आर. एजुकेशनल ट्रस्ट, बी. एड. कॉलेज की सहायक प्रोफेसर श्रीमती शशिकला पटेल को मुंबई विश्व विद्यालय द्वारा डॉक्टरेट (पीएच डी) उपाधि प्रदान किये जाने पर मुलुंड की सामाजिक संगठनों द्वारा केशवपाड़ा, मुलुंड में समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया डॉ.शशिकला पटेल ने समावेशी शिक्षा विषय पर अपना शोध प्रबंध प्रो.डॉ. प्रशांत काले (गोखले एजुकेशनल रिसर्च सेंटर, परेल) के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. बाबूलाल सिंह,बीरेंद्र पाठक (महासचिव उत्तर भारतीय मित्र मंडल ), डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन ),डॉ.आर.एम.पाल (महासचिव उत्तर भारतीय संघ मुलुंड ), चन्द्रवीर यादव (महासचिव अ. भा. यादव महासभा मुंबई ), कवि, साहित्यकार विनय शर्मा दीप ,हराया हरीश (पूर्व प्रधानाचार्य) एड. शरीफ खान (अध्यक्ष समता हॉकर्स यूनियन ), डॉ. अमर बहादुर पटेल (अध्यक्ष निर्मला फाउंडेशन ), शिक्षाविद डॉ. रवि राजभर, श्रीमती जयबाला सिंह, राकेश मिश्रा,समाजसेवी विजय यादव,मैथ्यु चेरियन, एन. के. सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने शाल, पुष्पगुच्छ एवं भेंट वस्तु प्रदान कर डॉ. शशिकला पटेल का सम्मान किया इस अवसर पर बोलते हुए डॉ.शशिकला पटेल ने कहा कि अच्छी एवं समवेशी शिक्षा हेतु वे सदैव कार्य करती रहेंगी उन्होंने अपने गाइड एवं शोध कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सभी शिक्षकों, सहयोगियों, संगठनों का आभार व्यक्त किया

# गायमुख घाट सड़क की मरम्मत के लिए कंक्रीट का उपयोग करने के नगर आयुक्त सौरभ राव के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , चेनागाँव के काजूपाड़ा से गायमुख घाट तक की सड़क की हालत बहुत खराब हो गई है। इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।इस सड़क की मरम्मत मानसून के दौरान भी जारी रहे, इसके लिए ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिए हैं कि इस सड़क की मरम्मत तुरंत तेज कंक्रीट का उपयोग करके की जाए। फाउंटेन होटल से गायमुख घाट तक ठाणे की ओर जाने वाली सड़क की हालत बहुत खराब है।इस पर बजरी डालने और डामर से ग्राउटिंग करने के बाद भी यह सड़क बार-बार उखड़ रही है।इससे इस पट्टी में सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन धीमा हो जाता है।विपरीत दिशा से वाहन आने लगते हैं।यहाँ ट्रैफिक जाम का असर व्यस्त समय में मुंबई-अहमदाबाद रोड पर महसूस किया जाता है।साथ ही, मीरा रोड तक वाहनों की आवाजाही में देरी हो रही है, यह जानकारी मंगलवार को ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट ने दी।इस सड़क का मूल ढाँचा बह गया है, इसलिए वहाँ कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। हालाँकि, मीरा-भायंदर मनपा के लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी इंजीनियरों ने बताया कि यातायात की सुविधा के लिए सड़क की नियमित रूप से मरम्मत की जा रही है।यह बारिश का मौसम है, इसलिए मनपा इंजीनियर प्रशांत सोनागरा ने गड्ढों को भरते समय रैपिड हार्डनिंग कंक्रीट का उपयोग करने का सुझाव दिया। मीरा-भायंदर मनपा को तुरंत रैपिड हार्डनिंग कंक्रीट का प्रयोग करना चाहिए।यह कंक्रीट कम से कम समय में सख्त हो जाती है। इसलिए, इसे बंद किए बिना सड़क की मरम्मत करना संभव है।घाट रोड की दुर्दशा के कारण नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि अगर यह प्रयोग सफल रहा तो घाट क्षेत्र की भी इसी तरह मरम्मत की जाएगी और यातायात सुचारू किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सभी उपलब्ध तंत्रों का उपयोग करके और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करके, यह प्रयोग चार घंटे के भीतर सड़क की एक लेन में किया जाना चाहिए। मनपा आयुक्त सौरभ राव के कक्ष में आयोजित बैठक में नगर अभियंता प्रशांत सोनागरा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता सिद्धार्थ तांबे, उपायुक्त दिनेश तायडे, उपनगरीय




अभियंता विकास ढोले, घोड़बंदर रोड के समन्वयक कार्यकारी अभियंता संजय कदम के साथ मीरा-भायंदर मनपा, एमएमआरडीए, वन विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।इसी बैठक में, घोड़बंदर रोड पर सर्विस रोड और मुख्य सड़क को मिलाने का काम मानसून के कारण रोक दिया गया है। हालाँकि कुछ जगहों पर मिलावट की गई है, लेकिन कुछ जगहों पर मूल सड़क और नई सड़क के बीच गैप है। इसलिए, एमएमआरडीए को पूरे घोड़बंदर रोड का तुरंत निरीक्षण करना चाहिए और सड़क को एक समान बनाना चाहिए तथा जहाँ आवश्यक हो, उसकी मरम्मत करनी चाहिए। इसके साथ ही, आयुक्त राव ने लोक निर्माण विभाग को कासर वडवली सिग्नल, ओवला सिग्नल, कपूरबावड़ी फ्लाईओवर पर सड़क की मरम्मत तुरंत पूरी करने के निर्देश भी दिए।

फास्ट ट्रैक

## 8वें वेतन आयोग को लेकर पेंशनर्स का विरोध

### फाइनेंशियल बिल 2025 में बदलाव की मांग, आंदोलन की चेतावनी

शाहजहांपुर, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन ने खिरनीबाग रामलीला मैदान में धरना प्रदर्शन किया।एसोसिएशन का कहना है कि सरकार ने आठवें वेतन आयोग की घोषणा की थी। इससे कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनरों में खुशी का माहौल बना था। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह वर्मा ने बताया कि अभी तक आठवें वेतन आयोग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।इस बीच फाइनेंशियल बिल 2025 सामने आया।इस बिल में पूर्व पेंशनरों के साथ भेदभाव किया गया है।31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त पेंशनरों की पेंशन का पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा।इस मुद्दे पर 22 अप्रैल को पूरे देश में प्रदर्शन किया गया था।पेंशनरों की मांग है कि फाइनेंशियल बिल 2025 में डैलीवेशन क्लाज से उन्हें प्रोटेक्शन दिया जाए।साथ ही आठवें वेतन आयोग का गठन कर पेंशन पुनरीक्षण का विषय भी शामिल किया जाए।पेंशनर्स ने मांग की है कि महंगाई राहत को महंगाई भत्ते से डी-लिंक न किया जाए।एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे आंदोलन करेंगे।



## अवैध अस्पताल और मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई

### 7 संचालकों को नोटिस, 8 दिन में रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश

शाहजहांपुर , तिलहर में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध मेडिकल स्टोर और प्राइवेट अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने 7 संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमेंद्र राठौर ने बताया कि अवैध संचालकों को 8 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।इस अवधि के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्र में अवैध मेडिकल स्टोर, डेंटल क्लीनिक और प्राइवेट अस्पतालों की शिकायतें मिल रही थीं।इस पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यालय की बैठक में कार्रवाई के निर्देश दिए। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध मेडिकल स्टोर और निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है। यह अभियान शासन के आदेश पर चलाया जा रहा है।



## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

### उत्तराखंड में करता था काम, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

शाहजहांपुर, बंडा थाना क्षेत्र के गांव मुडीगवां में एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटका मिला।मृतक की पहचान रामदास के 30 वर्षीय पुत्र सुखदेव के रूप में हुई।वह उत्तराखंड के रुद्रपुर में काम करता था।सुखदेव सोमवार को रुद्रपुर से अपने गांव लौटा था।उसी दिन उसने अपने बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराया था।गांव के बाहर खेत की ओर जाने वाले रास्ते पर उसका शव मिला।शव उसकी ही शर्ट से नीम के पेड़ से लटका हुआ था।सूचना मिलते ही बंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# उल्हासनगर क्रमांक 1 के झूलेलाल मंदिर में आज से मनाया जाएगा चालिया साहब महोत्सव

## अखंड प्रज्ज्वलित दिव्य ज्योती को नमन करते हुए प्रारंभ होगा चालिया साहब।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. वरुण देवता के अवतार भगवान झूलेलाल को समर्पित चालिया साहब महोत्सव उल्हासनगर क्रमांक 1 के भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर में आज से 40 दिवसीय चालिया साहब महोत्सव मनाया जाएगा।चालिया साहब अखंड ज्योति को प्रज्ज्वलित करके उसको नमन करते हुए पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ परंपरागत तौर पर प्रारंभ होने जा रहा है। सिंधी समाज के मानने वाले लोग चालीस दिनों तक व्रत-उपवास,पूजा-अर्चना और सुबह-शाम झूलेलाल कथा का श्रवण करते हुए इस उत्सव को मनाएंगे।मंदिरों को विशेष तौर से सजाया जा रहा है। मंदिरों में कथा,आरती, भजन-कीर्तनों के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहता है। यह पर्व सिंधी समुदाय का सबसे बडा.पर्व माना जाता है,ऐसा माना जाता है कि इन दिनों भगवान झूलेलाल वरूणदेव का अवतरण करके अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं, जो भी लोग चालीस दिन तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते है, उनके सभी दुख दूर हो जाते है। इस मंदिर में विगत 76 वर्षों से दीप प्रज्वलित अखण्ड ज्योत को साक्षी मानते हुए 40 दिन का चालिया साहब व्रत मनाया जाता रहा है।



# महाराष्ट्र देश में सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन क्षमता वाला राज्य बनेगा : देवेंद्र फडणवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन समारोह में कहा कि महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उत्पादन केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है।विश्व प्रसिद्ध इलेक्ट्रिक कार निमार्ता टेस्ला ने भारतीय बाजार में प्रवेश किया है। मुंबई में उनका पहला एक्सपीरियंस सेंटर मुख्यमंत्री फडणवीस ने उद्घाटित किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक, मुख्य कार्यपालक अधिकारी कौस्तुभ धवसे और टेस्ला कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र व विशेष रूप से मुंबई के लिए यह गर्व की बात है कि ₹दुनिया की सबसे स्मार्ट कार₹ भारत आ रही है, और उसकी शुरूआत महाराष्ट्र से हो रही है।मुंबई का यह सेंटर केवल एक्सपीरियंस सेंटर नहीं है, बल्कि डिलीवरी लोकेशन, लॉजिस्टिक्स और सर्विस यूनिट भी है।यहां से टेस्ला कारों की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है।

टेस्ला का ग्लोबली बेस्ट-सेलिंग मॉडल “Model” आज भारत में लॉन्च किया गया।मुख्यमंत्री के अनुसार इसे केवल १५ मिनट में चार्ज किया जा सकता है, एक बार चार्ज में यह ६०० ?किमी तक चल सकती है, यह शून्य प्रदूषण उत्पन्न करती है और इसके सुरक्षा फीचर्स वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित हैं।

राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए गतिशील नीति लागू की है, जिसमें चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, कर छूट और उत्पादन के लिए विशेष प्रोत्साहन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निकट भविष्य में महाराष्ट्र इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में देश में अग्रणी राज्य बनेगा।मुंबई के बाद दो अन्य भारतीय शहरों में सेवाएं विस्तारित की जाएंगी, और मुंबई में चार बड़े चार्जिंग हब तथा 32 चार्जिंग स्टेशन भी तैयार किए जा रहे हैं।



# हर जिले में कैंसर उपचार और एम टी अग्रवाल अस्पताल को शुरू करने का आबू आसिम आजमी ने उठाया मुद्दा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , मुंबई मनपा का एम. टी. अग्रवाल हॉस्पिटल मुलुंड को जल्द शुरू कराने का मुद्दा सपा विधायक आबू आसिम आजमी ने विधानसभा अधिवेशन में उठाया है।उन्होंने कहा कि कैंसर की बीमारी बढ़ रही जिसके लिए हर जिले में कैंसर के इलाज की सरकार सुविधा उपलब्ध कराए। विधानसभा अधिवेशन में समाजवादी पार्टी के विधायक आबू आसिम आजमी ने विधानसभा अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करते हुए सवाल किया कि बी एम सी द्वारा 1100 करोड़ से भी ज्यादा खर्च कर एम टी अग्रवाल अस्पताल का नूतनीकरण कराया गया है।यह अस्पताल ओमप्रकाश अग्रवाल ने 1958 में दान किया था। मुंबई मनपा के इस अस्पताल से लोगों को उपचार सेवा मिल रही थी।दो वर्ष से अस्पताल बनकर तैयार है उसे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए।उन्होंने कहा कि युवा ब्रिगेड असोसिएशन और कई उत्तर भारतीय संगठन मांग कर रहे हैं कि यह हॉस्पिटल किसी निजी संस्था या एनजीओ को न दिया जाय इसे तत्काल मनपा द्वारा उद्घाटन कर चलाया जाये।सपा विधायक आजमी ने कहा कि सरकार आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के बड़े बड़े दावे करती है लेकिन सरकारी अस्पतालों में दवाएं और उपचार सेवाओं का गरीबों को नहीं मिल पाती हैं।डॉ दवाएं और जांच के लिए बाहर की चिट्ठी लिख देते हैं जिससे मजबूरन दवा और जांच के लिए उन्हें अपनी जेब से पैसे खर्च करने पड़ते हैं। आम मरीज के पैसों से उन्हें कमीशन मिलता है।उन्होंने कहा कि धूलिया में जरूरी मेडिकल उपकरणों की मांग है जिसे जल्द उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य सेवा का मुद्दा विधानसभा उठाकर सपा विधायक आजमी ने सरकार ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने सरकारी व अर्ध सरकारी अस्पतालों को निजी हाथों में देकर खुद चलाने की मांग उठाया है।

# नदी तट पर ब्लू लाइन का पुनः सर्वेक्षण का राजस्व मंत्री ने दिया आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधान परिषद में कहा कि राज्य में नदी तट पर ब्लू लाइन के संबंध में राजस्व एवं जल संसाधन विभाग द्वारा पुनः सर्वेक्षण कराया जाएगा। सदस्य एडवोकेट अनिल परब ने बदलापुर के निकट उल्हास नदी बेसिन में हो रहे अतिक्रमण के संबंध में प्रश्न उठाया था।इस दौरान हुई चर्चा में सदस्य प्रवीण दरेकर, सतेज पाटिल, डॉ. मनीषा कायंदे ने भाग लिया। राजस्व मंत्री बावनकुले ने कहा कि यह देखा गया है कि नदी तट के क्षेत्र में मिट्टी का उत्खनन कर उसे उल्हास नदी बेसिन में डाला जा रहा है। तदनुसार, गौण खनिजों और प्रयुक्त मशीनरी के लिए कुल 10 करोड़ 16 लाख 17 हजार 141 रुपये का जुमार्ना लगाने का आदेश दिया गया है।इसमें प्रयुक्त मशीनरी भी जब्त कर ली गई है।उन्होंने यह भी कहा कि इस जुमार्ने की वसूली के लिए कार्रवाई की जाएगी। दहिसर के गणपत पाटिल नगर क्षेत्र में हो रहे भराव से संबंधित एक उप-प्रश्न के उत्तर में, मंत्री बावनकुले ने बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारी तीन दिनों के भीतर वहाँ जाकर जाँच करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।इसी प्रकार, कोंकण क्षेत्र में समुद्र तट और नदी तटों पर राजस्व भूमि पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया चल रही है।सभी अतिक्रमण मामलों की जाँच की जाएगी, राजस्व मंत्र बावनकुले ने यह भी बताया।

# बाबा सिद्धनाथ की दरी तक पहुंचना मुश्किल

## खराब सड़क से पर्यटक नहीं आ रहे, दुकानदारों की आमदनी प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, सक्तेशगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बाबा सिद्धनाथ की दरी की स्थिति चिंताजनक हो गई है। यहां तक पहुंचने वाली सड़क की हालत इतनी खराब है कि न केवल वाहन चलाना मुश्किल है, बल्कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है।हर साल लाखों रुपये का टेंडर निकलने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। खराब सड़क के कारण मोटरसाइकिल सवार अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों को इस समस्या की जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पर्यटकों के अनुसार, वाहन पार्किंग स्टैंड भी जर्जर हो चुका है।बड़े वाहनों को खड़ा करना मुश्किल है और उबड़-खाबड़ पत्थरों से वाहनों को नुकसान पहुंचता है।इन समस्याओं के कारण पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आई है।स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पर्यटकों की कमी से उनकी आजीविका प्रभावित हुई है।यहां रहने वाले बंदर भी भूखे-प्यासे हैं। पर्यटकों की कमी से बंदर भोजन की तलाश में सड़कों पर आ गए हैं।वे राहगीरों पर हमला करते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं।

# पुलिस कार्रवाई से नाराज परिवार भूख हड़ताल पर बैठा

## आरोपी खुले घूम रहे; बेटा बोला-पिता की हत्या की गई, मारपीट में एफआईआर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक परिवार पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर खिरनीबाग रामलीला मैदान में भूख हड़ताल पर बैठ गया है। खुदागंज थाना क्षेत्र के रामपुर नवदिया निवासी विशाल का आरोप है कि 18 मई को उनके पिता ओमप्रकाश की हत्या कर दी गई।पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केवल मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। दो महीने बीत जाने के बाद भी कुछ आरोपी अभी तक खुले में घूम रहे हैं।परिवार ने थाना प्रभारी पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है।पीड़ित परिवार ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।उनका कहना है कि खुले घूम रहे आरोपी उनके परिवार की जान के लिए खतरा बन सकते हैं।परिवार की मांग है कि थाना प्रभारी को निलंबित किया जाए और मामले की जांच दूसरे सर्किल की पुलिस को सौंपी जाए।परिवार ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, भूख हड़ताल और प्रदर्शन जारी रहेगा।उनकी प्रमुख मांगों में एफआईआर में हत्या की धारा जोड़ना और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी शामिल है।

# दूषित जलापूर्ति से स्वास्थ्य संकट

## एक लाख लोगों को मिल रहा पीला-काला पानी, अस्पताल में मरीजों की भीड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , तिलहर नगर में नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही से एक लाख से अधिक नागरिक दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। अंडरग्राउंड वॉटर सप्लाई लाइन से आने वाला पानी पीला, हरा और काला आ रहा है। स्थानीय नागरिकों और सभासदों ने पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम से कई बार इस समस्या को हल करने का आग्रह किया है। गरीब तबके के लोग अन्य विकल्प न होने के कारण इसी पानी को छानकर पी रहे हैं। नगर के सरकारी अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज पेट की बीमारियों से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. ओमेंद्र राठौर के अनुसार दूषित पानी पीने से पेट में गंभीर रोग हो सकते हैं। सभासद संदीप रस्तोगी ने बताया कि उन्होंने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा, पालिका अध्यक्ष और जल निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। सभासद दिलीप सक्सेना ने चेतावनी दी है कि इस समस्या से जान का खतरा भी हो सकता है। सरकार ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए हैं।

फिर भी नगर वासियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। अधिकारियों की लापरवाही से लोगों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है।




# अवैध वसूली की शिकायत पर अस्पताल में पहुंचे डिप्टी सीएमओ

- महिला ने सीएम पोर्टल पर की थी शिकायत, दो दिन में दस्तावेज जमा करने का निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, लालगंज थाना क्षेत्र स्थित सम्राट हॉस्पिटल का डिप्टी सीएमओ ने निरीक्षण किया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद की गई। हलिया थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल की रहने वाली अर्चना पाल ने शिकायत में कहा कि बरौंधा स्थित सम्राट हॉस्पिटल में उपचार के दौरान उनके परिजनों से जबरन पैसे वसूले गए। डिप्टी सीएमओ अवधेश कुमार सिंह ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर जांच की।जांच के दौरान अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों से भी पूछताछ की गई। अस्पताल के निदेशक डॉ. अवधेश कुमार मौर्या ने अपना पक्ष रखा।इससे पहले भी इस अस्पताल के खिलाफ राम चंद्र पाल ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी।पुलिस ने उस शिकायत की जांच में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी।डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल संचालक को चेतावनी दी है।उन्होंने शिकायतकर्ता अर्चना पाल और अस्पताल से जुड़े सभी दस्तावेज दो दिन के अंदर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है।




भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# चीन में जिनपिंग से मिले जयशंकर, कहा- रिश्ते सुधर रहे

## राहुल गांधी बोले- भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर रहे जयशंकर

एजेंसी

बीजिंग, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर रहे हैं। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जिनपिंग से मुलाकात की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा- बीजिंग में एससीओ के विदेश मंत्रियों के साथ मैंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। उन्हें भारत-चीन के बीच रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया। जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात की जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन पहुंचे हैं। इससे पहले जयशंकर ने विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी। इस बैठक में उन्होंने दोनों देशों के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध बनाने की जरूरत पर जोर दिया। जयशंकर ने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, लोगों के बीच संपर्क को सामान्य बनाना



चाहिए और व्यापार में आ रही रुकावटों को हटाने पर काम करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि आपसी सम्मान और समझदारी के आधार पर भारत-चीन संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ सकते हैं। चीनी विदेश मंत्री से व्यापार और पर्यटन पर चर्चा बीजिंग में हुई बैठक के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से व्यापार और पर्यटन को लेकर भी अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने चीन द्वारा लगाए गए एक्सपोर्ट कंट्रोल और व्यापारिक प्रतिबंधों को लेकर चिंता जताई। जयशंकर ने साफ कहा कि चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो भारत के उत्पादन क्षेत्र (मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर) को नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने भारत और चीन के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने यात्रा को आसान बनाने, सीधी उड़ानों (डायरेक्ट फ्लाइट्स) को फिर से शुरू करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उनका मानना है कि इससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और भरोसा बढ़ेगा। एससीओ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर भारत का स्पष्ट रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुकाबला करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी सदस्य देशों को ह्यजीरो टॉलरेंसह्व (कतई बर्दाश्त न करने) की नीति पर मजबूती से टिके रहना चाहिए। इसके साथ ही जयशंकर ने चीन द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के फैसले का स्वागत किया। यह यात्रा पिछले पांच वर्षों से बंद थी, और इसका दोबारा शुरू होना दोनों देशों के बीच भरोसे और धार्मिक-सांस्कृतिक संबंधों के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। जयशंकर बोले- भारत-चीन के संबंध सुधर रहे जयशंकर और वांग यी के बीच सोमवार को द्विपक्षीय बैठक हुई।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को बीजिंग में चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की थी। जयशंकर ने मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को जटिल बताया और कहा कि भारत और चीन जैसे बड़े पड़ोसी देशों के बीच खुलकर बातचीत बेहद जरूरी है। उन्होंने चीनी उपराष्ट्रपति को बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने को भारत में बेहद सराहा गया है।

# यूक्रेन की प्रधानमंत्री बन सकती हैं यूलिया स्विरीडेंको

## मौजूदा पीएम को रक्षा मंत्री बनाया जाएगा, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने खुद सिफारिश की

एजेंसी

कीव, यूलिया स्विरीडेंको यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन सकती हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनकी सिफारिश की है। यूलिया, जेलेंस्की की करीबी मानी जाती हैं। वह 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस श्मिहाल की जगह लेंगी। जेलेंस्की ने सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वे सरकार में जरूरी बदलाव चाहते हैं। हालांकि यूलिया का ढट बनाना संसद की मंजूरी पर निर्भर करता है। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट ऑफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे देश की



अगली पीएम बनेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक यूलिया के प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर आज संसद में चर्चा हो सकती है। यूलिया को नए पीएम बनाए जाने की कोशिश को लेकर विपक्षी पार्टियां नाराज हैं। उनका कहना है कि उप-प्रधानमंत्री को ही प्रधानमंत्री बनाना कोई बड़ा बदलाव नहीं है, बल्कि बस चेहरों की अदला-बदली है। कुछ विरोधियों का यह भी आरोप है कि जेलेंस्की ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि वह अपनी सत्ता और मजबूत कर सकें। उन्होंने जेलेंस्की पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने सोमवार शाम के संबोधन में यह भी घोषणा की कि वे मौजूदा प्रधानमंत्री डेनिस श्मिहाल को रक्षा मंत्री बनाना चाहते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि श्मिहाल का अनुभव इस पद के लिए बेहद अहम और कीमती होगा। उन्होंने बताया कि इस समय देश के सबसे अधिक संसाधन और जिम्मेदारियां रक्षा मंत्रालय से जुड़ी हैं, इसलिए इस क्षेत्र में कुशल नेतृत्व की जरूरत है। अगर संसद इस बदलाव को मंजूरी देती है, तो श्मिहाल वर्तमान रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव की जगह लेंगे। जेलेंस्की ने बताया कि उमेरोव को अमेरिका में यूक्रेन का राजदूत बनाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों में और तेजी और यूक्रेन के रक्षा क्षेत्र के प्रबंधन में नए कदमों की जरूरत है। यूक्रेन और अमेरिका के बीच फरवरी में 50% रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ खनिज) को लेकर डील हुई थी। इनमें ग्रेफाइट, यूरेनियम, टाइटेनियम, लिथियम समेत कई बेशकीमती और दुर्लभ खनिज शामिल थी। इनका इस्तेमाल टेस्ला की कारों से स्पेसएक्स के रॉकेट तक, होवित्जर तोप से मोबाइल की चिप तक में होता है।

# फ्रांस में राष्ट्रपति की पत्नी के पुरुष होने की अफवाह

## 2 महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस, कहा था- जेंडर बदलकर शादी की

एजेंसी

पेरिस, फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने दो महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। इन महिलाओं ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि ब्रिगिट मैक्रों महिला नहीं, बल्कि पुरुष हैं। इनका कहना था कि ब्रिगिट का असली नाम ज्यां-मिशेल ग्रोग्रेन्क्स था। हालांकि यह नाम ब्रिगिट के भाई का है। जीन-मिशेल और ब्रिगिट की शक्ल आपस में काफी हद तक मिलती है। इसके बाद प्रथम महिला ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितंबर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपए और उनके भाई को 5 लाख रुपए हजार्ना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने अब इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। यह मामला दिसंबर 2021 का है, जब अमंडाइन रॉय नाम की महिला यूट्यूबर ने एक पत्रकार नताशा रे का इंटरव्यू किया। 4 घंटे के इस इंटरव्यू में नताशा ने दावा किया कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष हैं। नताश रे ने यह भी दावा किया कि उन्होंने इस जानकारी के लिए 3 साल तक रिसर्च की। रे ने दावा कि जीन मिशेल ने लिंग परिवर्तन कराने के बाद इमैनुएल मैक्रों से शादी की थी। यह वीडियो वायरल हो गया और पूरी दुनिया में इसे लेकर कॉन्सपिरेसी थ्योरी



फैलने लगी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। उन्होंने दावा करते हुए खहा कि यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा राजनीतिक घोटाला है। ओवेन्स ने दावा किया कि ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोग्नेक्स वास्तव में एक ही व्यक्ति हैं। यानी ब्रिगिट पहले जीन-मिशेल के नाम से एक पुरुष थीं और बाद में लिंग परिवर्तन कर महिला बनीं। ओवेन्स ने यहां तक कहा कि वह अपनी पूरी पेशेवर प्रतिष्ठा इस बात पर दांव पर लगा देंगी कि ब्रिगिट मैक्रों वास्तव में पुरुष हैं। इन दावों के खिलाफ ब्रिगिट मैक्रों की कानूनी टीम ने प्रतिक्रिया दी। जनवरी 2025 में ओवेन्स ने एक वीडियो में कहा कि उन्हें फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के वकीलों की ओर से कानूनी नोटिस मिला है। उस नोटिस में साफ कहा गया था कि ब्रिगिट मैक्रों को अपनी महिला होने का प्रमाण किसी को देने की जरूरत नहीं है और ओवेन्स का व्यवहार अपमानजनक है। फिर भी, ओवेन्स इस पूरे अभियान से पीछे नहीं हटीं। उन्होंने यूट्यूब पर एक वीडियो सीरीज चलाई, जिसमें उन्होंने बार-बार ब्रिगिट मैक्रों की लिंग पहचान पर सवाल उठाए हैं। ओवेन्स का कहना है कि यह एक बहुत बड़ा राज है, जिसे सरकार और मीडिया मिलकर छुपा रहे हैं। ओवेन्स ने फरवरी 2025 में एक फ्रांसीसी पत्रकार जेवियर पौसार्ड के साथ इंटरव्यू किया, जिन्होंने किताब भी लिखी है। अमेजन पर उनकी किताब बेस्टसेलर बन चुकी है। फ्रांसीसी पत्राकर नताचा रे 2017 से ब्रिगिट मैक्रों के पुरुष होने का दावा कर रही हैं। इस साल की शुरूआत में उन्होंने रूस में राजनीतिक शरण मांगी थी। रे और उनके वकील फ्रांस्वा डांगलहंट ने रूसी मीडिया को बताया कि उन्हें फ्रांस में सताया जा रहा है, और वे रूस को एक महान लोकतंत्र मानती हैं जहां पर अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा की जाती है।

# न्यूयॉर्क में भारी बारिश से बाढ़, सड़क-मेट्रो स्टेशन डूबे

## इमरजेंसी का ऐलान, मदद के लिए रेस्क्यू टीम तैनात

एजेंसी

न्यूयॉर्क, न्यूयॉर्क शहर में भारी बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। सड़कों, मेट्रो स्टेशनों और गैस स्टेशनों पर पानी भर गया है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मैनहट्टन में मेट्रो सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गईं। कुछ इलाकों में 7 इंच तक बारिश रिकॉर्ड की गई है। बाढ़ के कारण कुछ फ्लाइटें भी रद्द कर दी गईं, जिससे यात्रियों को घंटों ट्रैफिक जाम में फंसे



रहना पड़ा। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) ने न्यूयॉर्क के पांच इलाकों मैनहट्टन, ब्रोंक्स, ब्रुकलिन, क्वींस और स्टेटन आइलैंड के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि शहर का लगभग 16% हिस्सा बाढ़ से प्रभावित है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने मंगलवार को राज्य में आपातकाल (इमरजेंसी) की घोषणा की और राहत व बचाव कार्यों के लिए टीमें तैनात की गई हैं।

हालांकि, अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बारिश रातभर जारी रह सकती है और अचानक बाढ़ की संभावना बनी हुई है। न्यूयॉर्क सिटी इमरजेंसी मैनेजमेंट ने खासतौर पर बेसमेंट अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और रात के समय बिना चेतावनी के आने वाली बाढ़ के लिए तैयार रहने को कहा है। वहीं लोगों को सलाह दी गई है कि वे फोन, टॉर्च और जरूरी सामानों से भरा बैग अपने पास रखें और किसी भी स्थिति में ऊंचे स्थान पर जाने के लिए तैयार रहें। न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में आपातकालीन टीमें अलर्ट पर हैं और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए तैनात की गई हैं। बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है और शहर के प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है।

# यमन में निमिषा प्रिया की फांसी की सजा फिलहाल टली



**यमन में 16 जुलाई 2025 को केरल की नर्स निमिषा प्रिया की निर्धारित फांसी की सजा स्थगित कर दी गई है.**

एजेंसी

नई दिल्ली: यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई 2025 को निमिषा प्रिया की निर्धारित फांसी की सजा स्थगित कर दी है. भारत सरकार जो इस मामले की शुरूआत से ही हर संभव सहायता प्रदान कर रही है, उस ने हाल के दिनों में निमिषा प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ आपसी सहमति से समाधान निकालने के लिए और समय देने के लिए भी लगातार प्रयास किए हैं. सूत्रों के मुताबिक मामले की संवेदनशीलता के बावजूद भारतीय अधिकारी स्थानीय जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ नियमित संपर्क में रहे हैं, जिसके कारण यह स्थगन संभव हो पाया है. इससे पहले भारत सरकार ने केरल की नर्स की फांसी रोकने के लिए अंतिम प्रयास किया था.फांसी स्थगित करने की औपचारिक अपीलइस संबंध में सरकार ने यमन के अभियोजन महानिदेशक से निमिषा प्रिया की फांसी स्थगित करने की औपचारिक अपील की थी. बता दें कि निमिषा को यमन के एक नागरिक की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है.

केरल के पलक्कड़ की रहने वाली निमिषा प्रिया पर 2017 में यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की कथित हत्या का आरोप है. निमिषा 2012 में नर्स के तौर पर यमन चली गई थीं और उनके पति टॉमी भी यमन में रहते थे. जानकारी के मुताबिक उन्होंने तलाल के साथ मिलकर एक क्लिनिक शुरू की थी. इस बीच उनके पति और बेटी भारत लौट आए, लेकिन यमन में युद्ध छिड़ जाने के कारण निमिषा उनके साथ नहीं आ सकीं, जिससे वह कथित तौर पर उस यमनी नागरिक तलाल के जाल में फंस गईं.

### तलाल को इंजेक्शन देकर किया बेहोश

तलाल ने निमिषा और एक अन्य यमनी महिला का कथित तौर पर गंभीर शारीरिक और मानसिक शोषण किया और उनके पासपोर्ट भी जब्त कर लिए. हताश होकर निमिषा और उस यमनी महिला ने उसे एक इंजेक्शन देकर बेहोश कर दिया और अपने पासपोर्ट छीनकर भागने की कोशिश की. हालांकि, पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और जेल में डाल दिया.बाद में तलाल का शव उनके क्लिनिक में मिला, जिसके कारण उन पर हत्या का आरोप लगाया गया और बाद में मुकदमा चलाया गया.

# राजस्थान में भारी बारिश से 16 की मौत ,यूपी में उद्घाटन से पहले 4 पुलों की सड़कें बहीं

**लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत 15 शहरों में तेज बारिश के कारण जलभराव-बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश के कई बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। सोमवार को ललितपुर के गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोले गए। चित्रकूट में उद्घाटन से पहले 51 करोड़ से बने 4 पुलों की एप्रोच सड़कें बह गईं।**

## मध्य प्रदेश में नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर

एजेंसी

नई दिल्ली ,राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। सोमवार को कोटा में प्रदेश में सबसे ज्यादा 198 बारिश हुई। यहां कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है। इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। सोमवार को श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-



दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया। हिमाचल प्रदेश में बीते 24 दिन में 105 लोगों की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हो चुकी हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें अभी भी बंद हैं। मनाली-चंडीगढ़ हाईवे पिछले 3 दिन से रोजाना लैंडस्लाइड के चलते बंद हो रहा है।

### यूपी के ललितपुर में गोविंद सागर बांध के 18 में से 17 गेट खोले गए।

पंजाब के बठिंडा में लगातार बारिश के कारण स्कूल वैन खराब होने के बाद एक स्कूली बच्चे को कमर तक पानी में ले जाते हुए वैन चालक ।पंजाब के बठिंडा में लगातार बारिश के कारण स्कूल वैन खराब होने के बाद एक स्कूली बच्चे को कमर तक पानी में ले जाते हुए वैन चालक।

### काशी में गंगा में नाव संचालन पर पूरी तरह से रोक

उत्तर प्रदेश के काशी में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस ने नावों के संचालन पर रोक लगा दी है। अभी तक नाविक गंगा आरती के समय नाव में श्रद्धालुओं को बैठाकर आरती दिखाते थे, अब इस पर भी रोक लगा दी गई है ।राजस्थान में मानसून के इस सीजन बारिश से जुड़ी घटनाओं में अबतक 16 लोगों की मौत हो चुकी है ।इनमें पानी में डूबने, बिजली गिरने, बिल्डिंग गिरने और करंट लगने से हुई मौत शामिल हैं। चित्तौड़गढ़ में 4, , कोटा में 4, प्रतापगढ़ में 3, चूरू में 2, राजसमंद में 1, भरतपुर में 1 और पाली में 1 की मौत हुई है ।चुरू के सुजानगढ़ में श्मशान घाट में पानी भरा, अस्थाई पुल से शव अंदर लाए जा रहेराजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ भोजलाई बास में चापटिया श्मशान घाट में बारिश का पानी भर गया है।

# किसी न किसी को तो ज़िम्मेदार ठहराया ही जाना चाहिए

## पहलगाम आतंकी हमले पर बोले उमर अब्दुल्ला

**उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह मुमकिन नहीं है कि 26 लोगों की जान चली जाए और हमारी तरफ से कोई प्रतिक्रिया न आए। अब जब हम जानते हैं कि सुरक्षा और खुफि या तंत्र में कोई चूक हुई है, तो किसी न किसी को तो ज़िम्मेदार ठहराया ही जाना चाहिए।**



एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के लिए किसी न किसी को तो ज़िम्मेदार ठहराया ही जाना चाहिए। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। यह हमला धार्मिक भेदभाव के आधार पर किया गया था। मुख्यमंत्री उमर ने इस घातक हमले की जवाबदेही तय करने की माँग करते हुए पत्रकारों से कहा कि इस विफलता के लिए कौन ज़िम्मेदार है? अगर यह खुफि या तंत्र की विफलता है, तो इसके लिए कौन ज़िम्मेदार है? उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह मुमकिन नहीं है कि 26 लोगों की जान चली जाए और हमारी तरफ से कोई प्रतिक्रिया न आए। अब जब हम जानते हैं कि सुरक्षा और खुफि या तंत्र में कोई चूक हुई है, तो किसी न किसी को तो ज़िम्मेदार ठहराया ही जाना चाहिए। 22 अप्रैल को, दक्षिण कश्मीर के मनोरम शहर पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह पर हमला किया। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी ढाँचों पर हमला किया।

# अगले 5 साल में युवाओं को मिलेगी 1 करोड़ नौकरियां और रोजगार

**इस साल के अंत में होने वाले राज्य चुनावों से पहले घोषित इस फैसले को सत्तारूढ़ एनडीए सरकार द्वारा बिहार में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार सृजन पर कथित निष्क्रियता को लेकर विपक्ष की आलोचना का जवाब देने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है।**

## बिहार चुनाव से पहले नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने मंगलवार को 30 प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दे दी, जिनमें अगले पाँच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने की योजना भी शामिल है ।इस साल के अंत में होने वाले राज्य चुनावों से पहले घोषित इस फैसले को सत्तारूढ़ एनडीए सरकार द्वारा बिहार में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार सृजन पर कथित निष्क्रियता को लेकर विपक्ष की आलोचना का जवाब देने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है ।इससे पहले रविवार को,



मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में इसी तरह की घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने यह भी दावा किया था कि 2005 से 2020 के बीच बिहार में आठ लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियाँ दी गईं। कुमार ने पोस्ट में कहा, अगले पाँच वर्षों (2025 से 2030) के लिए, हम एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरियाँ और रोजगार के अवसर प्रदान करके इस लक्ष्य को दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, निजी क्षेत्र, खासकर औद्योगिक क्षेत्रों में, नई नौकरियाँ और रोजगार के अवसर भी पैदा किए जाएँगे ।उन्होंने आगे कहा, इसके लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है। वर्तमान में, सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अगले पाँच वर्षों में, सात निश्चय के अंतर्गत युवा कौशल विकास के लिए चल रहे कार्यक्रम का विस्तार किया जाएगा। कुमार ने घोषणा की कि बिहार में कौशल विकास के लिए समर्पित एक नया विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा जिसका नाम राज्य के प्रतिष्ठित नेता जननायक कपूर्री ठाकुर के सम्मान में जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय रखा जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को ऐसे कौशल से लैस करना है जो रोजगार के नए अवसर खोलें।

## संक्षेप

### महिला से छेड़छाड़ और मारपीट

**जेठ ने फाड़े कपड़े, मकान निर्माण में की बाधा; पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से किया इनकार**

सुलतानपुर, धम्मौर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपा है। पीड़िता के अनुसार अपने दो छोटे बच्चों के साथ धम्मौर गांव में रहती हैं। उनके पति ड्राइवर हैं। शिकायत के अनुसार, पीड़िता के जेठ सोनू ने 8 जुलाई 2025 को सुबह 8 बजे उनके निमार्णाधीन मकान पर उनके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और विरोध करने पर मारपीट की। लोगों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इस दौरान उसने मकान की ईंटें और छप्पर को भी तोड़-फोड़ दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 15 जुलाई को फिर से आरोपी ने पीड़िता और उनके पति को धमकी दी।

### 40 लाख की पकड़ी गई स्मैक

**पूर्व जिला पंचायत सदस्य व हिस्ट्रीशीटर समेत 3 गिरफ्तार, 432 ग्राम स्मैक व बाइक बरामद**

सुलतानपुर, पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बल्दीराय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 लाख से अधिक कीमत की 432 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य व हिस्ट्रीशीटर शामिल है। बल्दीराय थाना पुलिस ने दुलदुल दास की कुटी के पास से हिस्ट्रीशीटर और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव उर्फ दरोगा यादव तथा रवि यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 291 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 30 लाख रुपए है। एक काली अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। राकेश महमूदपुर मजरे हेमनापुर का रहने वाला है। रवि यादव कांपा, थाना हलियापुर का निवासी है। थानाध्यक्ष बल्दीराय नारद मुनि सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध स्मैक की बिक्री कर रहे थे। हिस्ट्रीशीटर राकेश यादव पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, धमकी और गैंगस्टर एक्ट समेत 14 मुकदमे दर्ज हैं।

### पकड़ी गई नकली गुटखा फैक्ट्री

**किराए के मकान में चल रहा था धंधा, 15 हजार नकद समेत सामान जब्त, हिरासत में चार**

सुलतानपुर, दोस्तपुर में पुलिस ने मंगलवार को नकली गुटखा फैक्ट्री का पदार्फाश किया। थानाक्षेत्र दुल्हापुर खौदा में चल रही इस अवैध फैक्ट्री से एक पिकअप भर माल बरामद किया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। अम्बेडकर नगर के मालिपुर थाना क्षेत्र के डिघी धमुरहा निवासी धर्मेंद्र ने दुल्हापुर खौदा में रमेश गुप्ता का मकान तीन हजार रुपए मासिक किराए पर लिया था। धर्मेंद्र ने अपने भाई मिथुन, गांव के ही विशाल और बहराइच के पैगीपुर निवासी अंकित के साथ मिलकर यहां फैक्ट्री स्थापित की।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने भदेवरा कांड पीड़ितों से मुलाकात की

**अखिलेश के निर्देश पर नैनी जेल पहुंचे, कहा- निदोर्षों को झूठे मुकदमों में फंसाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नैनी जेल पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल करछना के भदेवरा बाजार में पुलिसिया बर्बरता के बाद गिरफ्तार किए गए ग्रामीणों और आंदोलनरत छात्र नेताओं से मिलने आया था। सपा नेताओं ने जेल में बंद पीड़ितों से मिलकर उनकी हालात की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। सपा एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों पर तो लगाम नहीं लगा पा रही है, लेकिन निदोर्षों को झूठे मुकदमों में फंसा रही है। उन्होंने कहा कि करछना में दलित समुदाय पर की गई पुलिसिया कार्रवाई पूरी तरह से बर्बरता थी, जिसमें निर्दोष ग्रामीणों को पकड़कर जेल में डाल दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार कानून का नहीं, बल्कि डर और दहशत का शासन चला रही है। विधायक संदीप पटेल ने छात्र नेताओं की गिरफ्तारी को लोकतंत्र का गला घोंटने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि स्कूल मर्जर और शराब की दुकानों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं को जेल भेजना, सरकार की तानाशाही मानसिकता को दशार्ता है। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. मानसिंह यादव, विधायक संदीप पटेल, सपा यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, डॉ. आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने कहा कि सपा हर पीड़ित के साथ खड़ी है और दोषियों को सजा दिलाने तथा निदोर्षों को रिहा कराने के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी।

# पावर हाउस में हंगामा, एसडीओ का विरोध

**मांडा में लोगों ने वसूली का आरोप लगाया, तख्ती लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने की नारेबाजी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, ग्रामीणों ने पावार हाउस में हंगामा कर दिया। विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों ने मांडा एसडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में तख्ती, बैनर लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि एसडीओ के निर्देश पर जेई और लाइनमैन वसूली कर रहे हैं। लोगों के घरों के वीडियो बनाकर रुपये मांगे जा रहे हैं। करीब एक घंटे तक ग्रामीणों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। इसके बाद पावार हाउस वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को वहां से हटा दिया।

गुस्साए लोगों ने प्रयागराज में डीएम के यहां विरोध करने की बात कही है। प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया कि एसडीओ ने गांव के विकास तिवारी की जमीन पर जबरन खंभा और ट्रांसफार्मर लगवा दिया। विरोध करने पर मुकदमा दर्ज कर दिया। ऐसे ही कई और ग्रामीणों के



खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आरोप गलत हैं। कटिया आदि की जांच की वजह से विरोध कर खुद को बचाने की कोशिश की जा रही है।

# जमीनी विवाद में हिंसक झड़प

- 11 लोग घायल, ट्रैक्टर-ट्राली से खेत जुतवाया, गोली चलाने का भी आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कचनाव गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रमेश पासी और विनय चौहान के बीच जमीन को लेकर चल रहे विवाद में आज सुबह दोनों पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। इस झड़प में महिलाओं समेत 11 लोग घायल हुए। चौहान पक्ष से रामधनी, दान बहादुर, रामावती, बाबा देइ और आदित्य घायल हैं। रामधनी की स्थिति ज्यादा खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। दान बहादुर चौहान ने बताया कि डीएम के आदेश पर लेखपाल की मौजूदगी में उन्हें जमीन का कब्जा मिला था। उन्होंने खेत में धान की रोपाई की थी। रमेश पासी अपने समर्थकों के साथ लाठी-डंडे लेकर आया और ट्रैक्टर से खेत जुतवा दिया। विरोध करने पर उन पर हमला कर दिया गया। एक पक्ष पर गोली चलाने का आरोप भी है। किसी पक्ष ने



नहीं दी शिकायत जगदीशपुर थाने के एसएचओ धीरेंद्र यादव के मुताबिक विपिन चौहान पक्ष से 6 और रमेश पासी पक्ष से 5 लोग घायल हैं। अभी तक किसी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सनातन धर्म और पीएम-सीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट

**हिंदू संगठनों ने की कार्रवाई की मांग, केएनआईटी रजिस्ट्रार की आईडी से पोस्ट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, केएनआईटी के प्रभारी रजिस्ट्रार और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एचओडी अखिलेश चौहान की फेसबुक आईडी से विवाद खड़ा हो गया है। उनकी आईडी से सनातन धर्म और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक पोस्ट किए गए। हिंदू संगठनों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की मांग की है। सनातन समन्वय अभियान के बैनर तले विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और कड़ी कार्रवाई की मांग की। विहिप पदाधिकारी दिवाकर सिंह, गौरक्षा वाहिनी के प्रमुख सर्वेश सिंह और बजरंग दल के किरण सोनी समेत कई संगठनों के प्रतिनिधि इस प्रदर्शन में शामिल थे। प्रदर्शनकारियों



ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। अखिलेश चौहान ने फोन पर हुई बातचीत में फेसबुक आईडी अपनी होने की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि मनोरंजन के लिए अज्ञानता में ये पोस्ट शेयर किए और वे इसके लिए क्षमाप्रार्थी हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि ऐसे राष्ट्र विरोधी और समाज विरोधी कृत्यों पर रोक लगाई जाए। साथ ही आरोपियों के नेटवर्क की जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई सनातन धर्म की मान्यताओं का मजाक न उड़ा सके।

# झूठे केस में फंसाने वाली युवती पर कार्रवाई

- फर्जी शादी का कार्ड बनाकर भरण-पोषण मांगा, कोर्ट के आदेश पर 5 लोगों पर केस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, एक युवती और उसके साथियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी साधना यादव ने जनवरी में बेदूपारा निवासी आशीष यादव पर यौन उत्पीड़न का झूठा केस दर्ज कराया था। युवती ने आशीष की शादी को भी रोक दिया। आशीष की शादी जौनपुर में तय हुई थी। शादी के दिन साधना वहां पहुंची और कन्या पक्ष को मुकदमे की जानकारी दी। इससे शादी टूट गई और आशीष को बिना विवाह के बारात लौटनी पड़ी। इतना ही नहीं, साधना ने 14 अप्रैल को फर्जी शादी कार्ड बनवाया। वह कोर्ट में खुद को आशीष की पत्नी बताकर भरण-पोषण की मांग करने लगी। आशीष ने अग्रिम जमानत लेकर एफटीसी कोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने बताया कि साधना झूठा शादी कार्ड दिखाकर खुद को उनकी पत्नी बता रही है। कोर्ट के



आदेश पर लंभुआ कोतवाली पुलिस ने साधना यादव समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ अखिलेश सिंह ने बताया केस दर्ज कर मामले की जांच जारी है।

# आईटीआई गौरीगंज विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रदर्शनी

**11 यूथ आइकॉन सम्मानित, युवाओं को स्टार्टअप के लिए मिलेगी ऋण सुविधा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, आईटीआई गौरीगंज में विश्व युवा कौशल दिवस पर मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कौशल विकास केंद्र और आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई मॉडल प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने किया। कार्यक्रम में 11 यूथ आइकॉन को प्रशस्ति पत्र दिए गए। 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र और पांच उद्यमियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने युवाओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि दूरदर्शी सोच, पक्का इरादा, कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सफलता



मिलती है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने युवाओं से अपने हुनर से दूसरों को रोजगार देने का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का लक्ष्य है कि युवा अपना स्टार्टअप शुरू कर दूसरों को रोजगार दें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थी युवाओं ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। प्रधानाचार्य शिवाकांत द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, जीएमडीआईसी दिनेश कुमार चौरसिया, आईटीआई गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार समेत कई अधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भाजपा नेता पर पत्नी का चाकू से हमला

**निकाह की बात छिपाकर दूसरी शादी की, पहली पत्नी से भी नहीं लिया तलाक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर उनकी पत्नी ने चाकू से हमला कर दिया। इससे उन्हें पैर और गले में गंभीर चोटें आई हैं। पति ने अपने पहले निकाह की बात छिपाई थी और बिना तलाक के दूसरी शादी कर ली, जिससे पत्नी ने गुस्से में हमला किया। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के ऊंचगांव में मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद कलीम किदवई पर उनकी पत्नी शमा ने चाकू से हमला किया। उनके गले और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। ट्रामा सेंटर जगदीशपुर में उन्हें भर्ती कराया गया है। भाजपा नेता मोहम्मद कलीम



मूलरूप से जगदीशपुर के निहालगढ़ के रहने वाले हैं। दूसरी पत्नी शमा ऊंचगांव में अपने मायके में रह रही है। उन्होंने अपनी पहली पत्नी सबा से भी तलाक नहीं लिया है। कलीम जगदीशपुर से ही दोनों के घर आता-जाता है। हालांकि, उन्होंने ये बात शमा से छिपाई, जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच कई महीनों से विवाद चल रहा था। पहली पत्नी लखनऊ में रह रही मोहम्मद कलीम की पहली शादी 20 साल पहले हुई थी। पहली पत्नी सबा दो बच्चों के साथ लखनऊ में अपने मायके में रह रही हैं। कलीम ने शमा से दूसरा निकाह किया और पहली शादी की बात छिपाई।

दूसरी पत्नी से उनके तीन बच्चे हैं। एक बड़ी बेटी 10 साल की और दो बेटे 4 साल और 2 साल के हैं। कलीम ने बताया कि कल रात उनका शमा से झगड़ा हुआ था इसके बाद सब लोग सो गए। किचन में थी और दोबारा झगड़ा करने लगी। रिश्तेदारों को मदद के लिए बुलाया कलीम उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शमा को गुस्सा आया तो उसने किचन में पड़ा चाकू उठाया और पति पर चाकू से कई वार कर दिए।

# बलदेव में आयकर विभाग की छापेमारी

**सीए और व्यापारी पिता से 14 घंटे तक पूछताछ, संपत्ति की जानकारी ली**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, बलदेव में सोमवार को आयकर विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम ने सुबह 5 बजे व्यापारी गिरधारी मोदी के कैलाश रोड स्थित आवास पर छापा मारा। गिरधारी मोदी और उनके सीए पुत्र विशाल मोदी से पूछताछ की गई। आयकर विभाग की टीम आधा दर्जन गाड़ियों में आई। टीम में महिला और पुरुष कर्मी शामिल थे। विभाग ने गिरधारी मोदी, उनकी पत्नी और विशाल मोदी व उनकी पत्नी




के मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए। किसी भी बाहरी व्यक्ति या परिजन को घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। टीम ने परिवार की कुल संपत्ति का ब्योरा मांगा। इसमें जमीन-जायदाद, फ्लैट्स, नकद राशि, बैंक जमा, एफडी और सोने-चांदी के आभूषणों की जानकारी शामिल थी। सीए विशाल मोदी से कई दौर की पूछताछ की गई। छापेमारी की खबर बलदेव में तेजी से फैली। मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस कार्रवाई से क्षेत्र के बड़े व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। विभागीय टीम ने कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी किसी बड़ी जांच से जुड़ी हुई है।

# पति के पीटने से पत्नी की मौत

**शराब के नशे में बेदर्दी से पीटा, 8 महीने के बच्चे समेत 5 बच्चे अनाथ**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अहमदपुर ग्राम पंचायत के पूरे नजर अली में एक पति द्वारा पत्नी की पिटाई से मौत का मामला सामने आया है। राजकुमार और उसकी पत्नी प्रेमलता ने शराब पी थी। इसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि राजकुमार ने प्रेमलता की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद प्रेमलता जमीन पर गिर पड़ी। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी मिली, तो वे उसे चौपाइयां स्थित अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्रेमलता को मृत घोषित कर दिया। मृतका प्रेमलता के पांच बच्चे हैं - अमन, रमन, आरजू, कामिनी और सोमिनी। सबसे छोटा बच्चा मात्र 8 महीने का है, जो अभी मां का दूध पी रहा था। दूध न मिलने के कारण बेटी आरजू का रो-रोकर बुरा हाल है। पड़ोसियों ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने आरोपी पति राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# चलती ट्रेन पकड़ने में फिसला यात्री, पैर कटा

**अलीगढ़ में एंबुलेंस नहीं आई तो आरपीएफ जवानों ने स्ट्रेचर 1ड्ट दूर अस्पताल पहुंचाया, झारखंड का निवासी है घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, जंक्शन रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन पकड़ने के दौरान एक यात्री का पैर फिसल गया। जिसके कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसका एक पैर कट गया। जब रेलवे अधिकारियों को इसकी जानकारी हुई तो मौके पर स्टेशन अधीक्षक और आरपीएफ का स्टाफ पहुंच गया। रेलवे चिकित्सक डॉ एएस देव ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन



108 पर सूचना देने के बाद भी काफी देर तक एंबुलेंस नहीं आई। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल के स्टाफ ने स्ट्रेचर के जरिए ही मलखान सिंह जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां से घायल को जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। आरपीएफ पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे की है। ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने फोन से सूचना दी कि गाड़ी संख्या 04190 प्लेटफार्म नंबर 7 पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर कट गया है। इसकी सूचना पर एएसआई प्रेमपाल सिंह और आरपीएफ स्टाफ घटना स्थल पर पहुंचा। जहां पर मूल रूप से झारखंड निवासी व्यक्ति कमल किस्पोट्टा पुत्र प्रवीण किस्पोट्टा घायल अवस्था में थे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० – A – 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी